// राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान-राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिलभारतीय तथा विशेषतः राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषानिबद्ध
विविधवाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट-ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक

फतहसिंह, एम.ए., डी.लिट्.
निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

ग्रन्थाङ्क १०१

मुंहता नैणसी री लिखी

मारवाड़ रा परगनां री विगत

प्रथम भाग

प्रकाशक

राजस्थान-राज्याज्ञानुसार

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान
जोधपुर (राजस्थान)

१९६८ ई०

वि० सं० २०२५

भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८९०

प्रधान-सम्पादकीय

प्रस्तुत ग्रन्थ अपने ढंग की एक अद्वितीय कृति है। महाराजा जसवंतसिंह के काल में मुंहणोत नैणसी के द्वारा लिखित यह एक मारवाड़ का गजेटियर है जिसमें मारवाड़ के विभिन्न परगनों के अन्तर्गत आने वाले सभी गाँवों का जैसा विस्तृत वर्णन दिया गया है वैसा हमारे आधुनिक गजेटियरों में भी प्राप्त नहीं होता। भौगोलिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक दृष्टि से जो व्यौरेवार विवरण यहाँ प्रस्तुत किये गये हैं वे न केवल इतिहास के अध्ययन के लिये उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं अपितु उनसे हमें विभिन्न आधुनिक समस्याओं के अध्ययन के लिये भी प्रेरणा प्राप्त हो सकती है।

लगभग ३०० वर्ष पूर्व तैयार किया गया यह ग्रन्थ हमारी एक अनुपम राष्ट्रनिधि है जिसके प्रथम भाग को प्रकाशित करते हुये, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर एक विशेष गौरव और उल्लास का अनुभव करता है। इस ग्रन्थ के लेखक की सुप्रसिद्ध ग्रंथ "मुंहता नैणसी री ख्यात" को इसी प्रतिष्ठान द्वारा चार भागों में प्रकाशित किया जा चुका है। उसमे जो ऐतिहासिक सामग्री दी गई है उसको समझने के लिये कहीं-कहीं पर प्रस्तुत ग्रन्थ से बड़ी सहायता मिल सकती है। इस ग्रन्थ के सम्पादन में डॉ० नारायणसिंह भाटी ने जो परिश्रम किया है उसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने इस ग्रन्थ को अधिकाधिक उपयोगी बनाने के लिये अनेक परिशिष्ट तैयार किये हैं जो कि विस्तार-भय से इस भाग में नहीं दिये जा रहे है। इन परिशिष्टों के लिये विद्वान् पाठकों को अगले भागों के प्रकाशन तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। आशा है कि इसका दूसरा भाग अगले दो महीनों में प्रकाशित हो जायगा और उसके पश्चात् शीघ्र ही तृतीय भाग पाठकों तक पहुँच सकेगा।

विजया दशमी, सं० २०२५
जोधपुर।

—फतहसिंह

विषय-सूची

सम्पादकीय — पृ० १ से ४०

वात परगने जोधपुर री — पृ० १ से ३८२

वात परगने सोझत री — पृ० ३८३ से ४९२

वात परगने जैतारण री — पृ० ४९३ से ५५७

परिशिष्ट १—

(क) कमठां री विगत — पृ० ५५९ से ५७८

(ख) नीवांणां री विगत — पृ० ५७९ से ५९५

(ग) गढ़ जोधपुर नीवांण छै जिकां की याददास्त — पृ० ५९६ से ६०२

सम्पादकीय

'मारवाड़ रा परगनां री विगत' पश्चिमी राजस्थान के बहुत बड़े भू-भाग के सम्बन्ध में अनेक प्रकार की जानकारी प्रस्तुत करने वाला अद्वितीय ग्रंथ है। यह ग्रंथ जोधपुर के इतिहास-प्रसिद्ध शासक महाराजा जसवंतसिंह (प्रथम) के योग्य दीवान व ख्यातिप्राप्त इतिहासविद् मुहता नैणसी की रचना है।

इस ग्रंथ में, भौगोलिक दृष्टि से मारवाड़ का जो क्षेत्र उस समय उक्त महाराजा के राज्य में शामिल था उसका इतिहास के परिपेक्ष में विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना लेखक का उद्देश्य रहा है। यह भू-भाग प्राचीन काल में मरु. मरुस्थल, मरुस्थली, मरुमेदनी, मरुमंडल, मारव, मरुदेश, और मरुकान्तर आदि[1] नामों से पुकारा जाता था। इनका मुख्य आशय रेगिस्तान अथवा निर्जल प्रदेश है।

मेजर के. डी. एरिस्किन ने 'मारवाड़' को 'मारुवाड़' का अपभ्रंश माना है तथा मरुस्थल की विभीषिका और जल की कमी के कारण इसे जीव-हन्ता कहा है[2]। कर्नल टॉड के अनुसार प्राचीन काल में यह नाम समुद्र से लेकर सतलज तक के विस्तृत भू-भाग के लिये प्रचलित था। मारवाड़ के नाम से पहिचाने जाने वाले इस भू-खंड के कई भागों के नाम समय-समय पर बदलते भी रहे हैं। गुर्जर, प्रतिहार और चौहानों के शासन-काल में इसके कई भू-भाग अन्य नामो से भी पुकारे जाते रहे हैं।

बादशाह अकबर के समय में मारवाड शब्द काफी बड़े क्षेत्र के लिये प्रयुक्त होता था। अबुल फज्ल ने आईने अकबरी मे अजमेर सूबे के अंतर्गत इसका उल्लेख करते हुए इसकी लंबाई १०० कोस तथा चौड़ाई ६० कोस बताई है। अजमेर, जोधपुर, सिरोही, नागोर तथा बीकानेर के क्षेत्र (सरकारें) इसके अंतर्गत माने हैं।[3]

---

१. जोधपुर राज्य का इतिहास (प्रथम खंड) पृ. २. गौ. ही. ओझा।

२. Rajputana Gazatteers, volume 111-A. by maj. K. D. Erskine.

३. Marwar is 100 kos in length by 60 in breadth and it comprises the Sarkars of Ajmer, Jodhpur, Sirohi, Nagor and Bikaner. —AIN-I-AKBARI, VOL. 11 Page 276

—Translated by Col. H. S. JARRETT (Second edition, J.N. Sarkar)

जोधपुर राज्य के सीमा-विस्तार की दृष्टि से भी राव मालदे के समय में अजमेर और बीकानेर जैसे बड़े क्षेत्र इसके अंतर्गत रह चुके हैं। परन्तु मुगल काल में जोधपुर राज्य की सीमा भी प्रत्येक शासक के समय में बदलती रही है। आंतरिक विग्रह और राज्य-विस्तार की लिप्सा के कारण एक ओर शासक और उसके कुटंबियों के बीच संघर्ष रहता था तथा दूसरी ओर पड़ौसी रियासतों के साथ भी युद्ध होते रहते थे। अकबर ने अपनी कूटनीति से इस परिस्थिति का पूरा लाभ उठाया और प्रत्येक रियासत के शासक को अपनी ओर से राज्याधिकार तथा मनसब देने की नीति अपनाई। जिसके फलस्वरूप एक ही राज्य के कई शक्तिशाली सामंतों का सम्बंध सीधा मुगल साम्राज्य से हो गया। इस प्रकार राज्य की राजनैतिक इकाई का अधीष्ठाता सम्राट स्वयं बन गया।

बादशाह राजनैतिक परिस्थियों के अनुकूल शक्ति-संतुलन को बनाये रखने के लिये सामंतों व शासकों की सेवाओं के अनुसार इन राज्यों के परगनों के अधिकार में परिवर्तन करता रहता था। अतः जोधपुर(मारवाड़) राज्य के परगनों में भी प्रत्येक शासक के समय में घटा-बढ़ी होती रही है।

राजा गजसिंह की मृत्यु के पश्चात् जसवंतसिंह को शाहजहां ने जब मारवाड़ का टीका दिया[१] उस समय जोधपुर, सोजत, फलोदी, मेड़ता और सिवाने के परगने ही उसने प्रदान किये थे। जैतारण का परगना कुछ ही समय बाद उन्हें मिल गया। परन्तु पोकरण का परगना सं० १७०७ में बादशाह की अनुमति मिलने पर जैसलमेर वालों से छीन कर अपने अधिकार में किया। इन्ही सात परगनो का विवरण नैणसी ने इस ग्रंथ में प्रस्तुत किया है।

प्रत्येक परगने से सम्बन्धित विवरण इस ग्रंथ का एक अध्याय है। इस प्रकार सात अध्यायों मे ग्रंथ पूर्ण होता है। प्रत्येक परगने के इतिहास, भूगोल, राजस्व, आबादी आदि की विस्तृत जानकारी बड़े व्यवस्थित तथा वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत की गई है। विवरण का क्रम प्रायः निम्न प्रकार है[२]—

१. परगने के मुख्य कस्बे का नामकरण, स्थापना, भौगोलिक स्थिति, समय-समय पर घटने वाली ऐतिहासिक घटनाएँ, परगने के अधिकार में परिवर्तन, कस्बे में बनी इमारतें, देवस्थान, जलाशय, कस्बे की आबादी (जाति के अनुसार)

---

१. सं० १६९५ (चैत्रादि) आषाढ़ वदि ७। २. कहीं-कहीं इस क्रम मे साधारण परिवर्तन है। कुछ स्थलो पर इस क्रम को व्यवस्थित भी कर दिया गया है।

कस्बे की वार्षिक आय (१०-१५ वर्षों की) परगने की १९-२० वर्षों की आय (तफावार) फसलों का विवरण, खालसा, सांसण व सूने गांवों के अनुसार कुल गांवों का वर्गीकरण।

२. तफावार प्रत्येक गांव का विवरण—गांव का नाम, रेख, भौगोलिक स्थिति व कस्बे से दूरी, आबादी जाति के अनुसार, जमीन की किस्म, फसलें, कुए, तालाब, नदियें। ५ वर्ष की आमदनी। (सं० १७१५ से १९ तक) कुछ गांवों का रकबा, बसाने वाले व्यक्तियों के नाम, ऐतिहासिक व्यक्ति से सम्पर्क आदि का भी उल्लेख है।

३. ब्राह्मणों व चारणों, भाटों, जोगियों आदि को दान (सांसण) में दिये हुए गांवों का विवरण एक स्थल पर दे दिया गया है। ऐसे प्रत्येक गांव की जानकारी भी विस्तार से दी गई है, यथा— वह गांव किस राजा ने किसे और कब दान मे दिया और इस समय उनके वंशजों में से कौन मौजूद है। कुछ गांवों की मिलकियत के सम्बन्ध में बीच-बीच में परिवर्तन भी हुए हैं उनकी जानकारी भी देदी गई है।

४. प्रत्येक परगने की सीमा पर स्थित गांव कौन-कौन-से हैं और दूसरे परगने के किन-किन गांवों से उनकी सीमा लगती है, इसे स्पष्ट करने के लिये भी तालिकाएँ प्राय: परगने के अंत में दी गई हैं।

५. परगने सम्बन्धी विशिष्ट जानकारी भी कहीं-कहीं अंकित कर दी गई है, जैसे—नमक की खानें आदि।

इस प्रकार तत्कालीन मारवाड़ का पूरा चित्र इस ग्रथ में हमें मिलता है। आधुनिक युग में जिस प्रकार गजेटियर तैयार किये जाते हैं ठीक उसी प्रकार का प्रयास नैणसी ने लगभग ३०० वर्ष पहले किया था। आधुनिक युग की साधन-सुविधाओं को देखते हुए इस प्रकार का कार्य सरल हो सकता है परन्तु उस युग में नैणसी ने यह कार्य करके अपनी असाधारण प्रतिभा और अनूठी सूझ-बूझ का परिचय दिया है।

प्रसिद्ध इतिहासविद् अबुल फज्ल ने अपने विख्यात ग्रंथ आईने अकबरी के एक भाग में पूरे मुगल साम्राज्य का सर्वेक्षण प्रस्तुत किया है। सम्पूर्ण साम्राज्य को १२ सूबों में विभक्त कर प्रत्येक सूबे को अनेक सरकारों में विभाजित किया है। प्रत्येक सूबे का संक्षिप्त इतिहास भी दिया गया है तथा दोनों फसलों की १९ वर्ष[1] की उपज के आधार पर प्रत्येक सरकार की औसत आमदनी निकाली

---

1. Nineteen years correspond with a Cycle of the moon during which period season are supposed to undergo a complete revolution. Gladwin, p. 292, V. 1

गई है। सरकारों की तालिकाओं में, लगान, क्षेत्रफल, फौज, किलों आदि की भी जानकारी दी गई है। प्रशासन एवं राजस्व की व्यवस्था की दृष्टि से यह ग्रंथ देशी रियासतों में भी प्रसिद्ध रहा होगा अतः यह संभव है कि मारवाड़ के सम्बन्ध में इस प्रकार का ग्रंथ तैयार करने की प्रेरणा नैणसी को इसी ग्रंथ से मिली हो। वैसे महाराजा जसवंतसिंह (प्रथम) स्वयं उच्चकोटि के विद्वान् और प्रबुद्ध शासक थे अतः उनके आदेश पर भी यह ग्रंथ तैयार करवाया गया हो तो भी कोई आश्चर्य की बात नहीं।

ग्रंथ-निर्माण के पीछे चाहे जो प्रेरणा रही हो राज्यव्यवस्था और इतिहास की दृष्टि से उस समय तो इसका व्यावहारिक उपयोग रहा ही है, बाद में भी मारवाड़ के शासकों के लिये यह एक आवश्यक ग्रंथ रहा होगा।

आईने अकबरी में लेखक ने उपरोक्त जानकारी बड़ी संक्षेप में दी है। परन्तु इस ग्रंथ में जहां तक सर्वेक्षण का प्रश्न है प्रत्येक गांव को स्थान दिया गया है। नैणसी इतिहासकार था अतः उसने प्रत्येक परगने, कस्बे और महत्त्वपूर्ण गांवों को इतिहास के परिपेक्ष में देखने का प्रयत्न किया है, यह उसकी बहुत बड़ी विशेषता है। इस विशेषता के कारण ही यह ग्रंथ केवल सर्वेक्षण के आंकड़ों की तालिकाओं का संग्रह मात्र न होकर मारवाड़ का जीवन्त चित्र अंकित करने में सक्षम है।

अनेक दृष्टियों को ध्यान में रख कर लिखे गये इस ग्रंथ की कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं:—

भौगोलिक व खेती सम्बन्धी

१. प्रत्येक परगने के मुख्य कस्बे को विशेष महत्त्व देते हुए उसकी भौगोलिक स्थिति आदि का विस्तार से वर्णन किया गया है। कस्बे के तालाबों, कुओं, सिंचाई के साधनों, बावड़ियों, बगीचों, पहाड़ियों, रास्तों आदि का उल्लेख किया गया है। जमीन की किस्म, फसल व सब्जियों तक का भी उल्लेख किया है।

२. परगने के गांव की ठीक भौगोलिक स्थिति बताने के लिये कस्बे से दूरी व दिशा का उल्लेख प्रायः किया है।

३. पीने के लिये पानी के साधनों की ओर लेखक ने विशेष ध्यान दिया है। प्रत्येक गांव में कितने कुए हैं, पानी कैसा है, पानी कितना गहरा है तथा पर्याप्त है या नहीं, यदि तालाब है तो पानी कितने महीने चलता है।

पानी समाप्त होने पर पड़ौस के कौनसे गांव पर पानी के लिए निर्भर करना पड़ता है, आदि जानकारी स्पष्ट रूप से दी गई है।

४. सिंचाई के साधनों की भी सही जानकारी देने का प्रयास किया है। जहां कुओं से सिंचाई होती है वहां किस प्रकार के कुए हैं[1] कितने गहरे है। इनके अतिरिक्त जमीन में अन्य कुए खोद कर सिंचाई करने की गुंजाइश है या नहीं, आदि।

५. कोई नदी या नाला सीमा में या सीमा के पास से होकर बहता है तो उसका भी उल्लेख किया है।

६. अनेक गांवों में वर्षा का पानी खेतों में भर जाने से गेहूँ व चने आदि पैदा होते हैं (सेंवज) उनका भी यथा स्थान जिक्र कर दिया गया है। इस प्रकार की खेती कितने बीघे में होती है यह भी उल्लेख कही-कही कर दिया है।

७. कही-कहीं पेड़ों का जिक्र भी कर दिया है।

८. गांव में नमक आदि की खान है तो उसका उल्लेख किया है।

९. समय के परिवर्तन के साथ जहां कुछ गांवों की सीमा में परिवर्तन हो गये हैं उनकी ओर भी संकेत किया गया है।

१०. जिन गांवों मे घोड़ों आदि के चरने के लिये जोड की भूमि (पड़त भूमि) छोड़ी गई है वह भी अंकित की गई है।

११. जहां पुराने कुए या तालाब रेत से पट गये हैं उनका उल्लेख भी कहीं-कहीं किया है।

ऐतिहासिक

राजस्थान के इतिहास के लिये ख्यातें एक महत्त्वपूर्ण साधन हैं। स्वयं नैणसी की ख्यात इस दृष्टि से सर्वोत्तम महत्त्व की मानी जाती है। ओझाजी का मत है कि कर्नल टॉड के समय में यह ख्यात प्रसिद्ध नही हुई थी। यदि उसे यह ग्रंथ मिल जाता तो उसका 'राजस्थान' दूसरे ही रूप मे लिखा जाता[2]। राजस्थान के राजवशों पर विस्तृत प्रकाश डालने वाला यह अद्वितीय ग्रंथ है, इसमें कोई संदेह नही। परन्तु जहां तक जोधपुर के राठौड़-राजवंश का प्रश्न है

---

१. ग्रंथ में सर्वत्र अनेक भांति के सिंचाई वाले कुओं का जिक्र आया है, यथा—कोसीटा, ढीवड़ा, अरट, चांच, पगवटिया आदि।

२. मुहणोत नैणसी री ख्यात : (प्रथम भाग) पृ. ८ (वंशपरिचय), नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।

उसमें न तो कोई क्रमबद्ध इतिहास ही दिया है और न सभी शासकों पर प्रकाश ही डाला है। सीहाजी, आसथान, रिड़मल, जोधाजी, सलखाजी आदि से सम्बन्धित संक्षिप्त बाते विशेष घटनाओं को लेकर ही लिखी गई है। इसके अतिरिक्त कुछ प्रसिद्ध सामंतों व राठौड़ों की वंशावली तक ही उनका वृतान्त सीमित है, जो अपर्याप्त ही नही एकांगी भी है।[1] वास्तव में जोधपुर का क्रमबद्ध इतिहास नैणसी ने प्रस्तुत ग्रंथ मे ही दिया है। जोधपुर परगने के अंतर्गत राव सीहाजी से लेकर जसवन्तसिंह (प्रथम) तक का इतिहास प्रारंभ के लगभग २०० पृष्ठों में है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परगने के प्रारंभ में. जो परगने का इतिहास दिया गया है उसमें भी समय-समय पर घटने वाली कितनी ही घटनाओं, सम्बन्धित व्यक्तियो तथा राजनैतिक हलचलों पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग ३०० पृष्ठों में विशुद्ध ऐतिहासिक सामग्री है। गांवों की विगत मे भी सैकडों ऐतिहासिक महत्व के संकेत मिलते हैं जो मारवाड़ का विस्तृत इतिहास लिखने में तथा कितनी ही घटनाओं को सत्यापित करने मे सहायक सिद्ध हो सकते हैं। ग्रथकर्ता जसवंतसिंह (प्रथम) का समसामयिक है अतः उस समय की प्रामाणिक जानकारी के लिये इस ग्रंथ से बढ़कर अन्य साधन नहीं हो सकता। फारसी के इतिहास-ग्रथों मे जो असतुलित और विकृत तथ्य भारतीय इतिहास के बारे मे मिलते हैं उन्हें सही और संतुलित दृष्टि से देखना चाहें तो इस प्रकार के ग्रंथों का अध्ययन अपरिहार्य है। संक्षेप में इस ग्रथ की ऐतिहासिक विशेषताएँ निम्न प्रकार हैं —

१. प्रत्येक परगने के विवरण में कतिपय ऐसी महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख किया गया है तथा उनके सम्बन्ध-सूत्र को इस प्रकार प्रकट किया गया है कि ऐसा वृत्तांत अन्यत्र नही मिलता। मालदे, वीरम और मुगलों के बीच जो सघर्ष हुआ, वह विवरण उदाहरणार्थ मेड़ता के इतिहास में देखा जा सकता है।

२. जोधपुर राज्य की सीमा मे किस राजा के समय कौन-कौन से परगने रहे, उनकी आमदनी क्या थी तथा मारवाड़ का जो परगना राजा के अधिकार में नही था वह किसके अधिकार में था आदि बातें इस ग्रथ से पूर्णतया स्पष्ट हो जाती हैं।

३. मुगल साम्राज्य की सेवार्थ किसी बड़े युद्ध अथवा सूबे की व्यवस्था के लिये यहां के राजाओं को ससैन्य जाना पड़ता था। ऐसे अवसरों पर किस राजा को तनख्वाह के रूप मे देश के कौन-कौन से सूबे मिले तथा उनकी आमदनी उस समय क्या कूती गई थी इसका भी पूरा व्यौरा यथा स्थान दिया गया है।

---

१. देखें, मुहता नैणसी री ख्यात: भाग २-३, राज० प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर।

३. शासक की अनुपस्थिति में राज्य का कार्य-भार संभालने वाले प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्ति तथा ऐसे व्यक्तियों को मिलने वाले वेतन के एवजाने में जागीरों आदि का भी व्यौरा इसमें मिलता है, जो अनेक दृष्टियों से उपयोगी है।

४. विभिन्न शासकों द्वारा बनवाये गये सामरिक महत्त्व के किलों, परकोटों, कोटड़ियों, जलाशयों आदि का भी विवरण यथा स्थान दिया गया है।

५. राज्यव्यवस्था के संचालन में ओसवाल, ब्राह्मण, कायस्थ, मुसलमान आदि क्षत्रियेतर जातियों का कैसा और कितना सहयोग समय-समय पर शासकों को मिलता था इसका भी अच्छा चित्रण मिलता है।

६. शासकों के अनेक विवाह हुआ करते थे। उनका वृत्तांत, उनसे संतति, तथा लड़कियों आदि की शादियों का विवरण भी नैणसी ने निष्पक्ष होकर किया है जिससे अनेक महत्त्वपूर्ण राजनैतिक तथा सामाजिक संकेत भी मिलते हैं।

७. स्थानीय राजनीति में अंतःपुर का भी कभी-कभी पर्याप्त हाथ रहता था। राजाओं के अनेक रानियें, पड़दायतें, पासवानें आदि हुआ करती थीं। अपनी संतान को राज्यगद्दी दिलवाने के लिये रानियों में प्रतिस्पर्द्धा रहती थी, जिसके फलस्वरूप कई बार परम्परा के अनुसार सबसे बड़े राजकुमार को राज्यगद्दी न देकर प्रिय रानी के पुत्र को गद्दी का अधिकारी बना दिया जाता था। इसके भयंकर दुष्परिणाम आंतरिक विग्रह का रूप धारण कर लेते थे। ये घटनाएँ यहां के इतिहास को बहुत दूर तक प्रभावित करती थीं। इन घटनाओं का विवरण भी नैणसी ने महत्त्वपूर्ण ढंग से दिया है।

८. यहां के शासकों तथा बड़े सामंतों के मुगल साम्राज्य के साथ राजनैतिक सम्बन्ध, संधि-विग्रह, शक्ति-संतुलन आदि ऐतिहासिक महत्व की सामग्री परगनों के इतिहास में यथास्थान प्रस्तुत की गई है।

९. जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, सिरोही आदि पड़ौसी राज्यों के साथ राजनैतिक सम्बन्धों में समय-समय पर परिवर्तन होते रहे हैं जिसके मुख्य कारण सीमा-विवाद, मुगल सल्तनत की नीति और राज्य-विस्तार आदि होते थे। कहीं-कहीं इन तथ्यों पर अच्छा प्रकाश पड़ा है। पड़ौसी राज्यों के इतिहास के लिये भी यह उपयोगी है।

१०. कुछएक महत्वपूर्ण युद्धों में भाग लेने वाले अथवा काम आने वाले

प्रसिद्ध व्यक्तियों तथा योद्धाओं की सूचियां भी लेखक ने देदी हैं जो अन्यत्र उपलब्ध नहीं होतीं। इस प्रकार की सूचियों में उज्जैन के युद्ध में भाग लेने वाले मारवाड़ के योद्धाओं की सूची विशेष रूप से उपयोगी है। मेड़ता के युद्ध में देवीदास जैतावत के साथ काम आने वाले योद्धाओं की सूची भी महत्व की है।

११. कहीं-कहीं प्राचीन स्मारकों व शिलालेखों का भी उल्लेख हुआ है। उनका विशिष्ट ऐतिहासिक महत्व है।

१२. यद्यपि मारवाड़ के गांवों की भौगोलिक व फसल तथा राजस्व सम्बन्धी स्थिति को स्पष्ट करना लेखक का मुख्य उद्देश्य प्रतीत होता है परन्तु यथा-प्रसंग, कहीं जागीरदार का नाम, कहीं गांव के बसाये जाने का संवत, कहीं गांव बसाने वाले व्यक्ति का नाम, कही महत्वपूर्ण व्यक्ति का निवास होने का उल्लेख आदि कितने ही सुस्पष्ट ऐतिहासिक महत्व के सकेत भी लेखक ने दिये हैं।

जहां तक चारणों और ब्राह्मणों आदि को दान में दिये हुए गांवों का प्रश्न है उनकी ऐतिहासिक स्थिति तो बहुत ही स्पष्ट है। क्योंकि प्रत्येक गांव के सम्बन्ध में यह बतलाया गया है कि किस राजा ने किसे वह गांव दिया और सर्वेक्षण के समय कौन सा वंशज मौजूद था।

गांवों के नामों का अध्ययन भी इतिहास की दृष्टि से बड़ा दिलचस्प और उपादेय है। यदि बारीकी से इनके नामों पर विचार किया जाय तो नामकरण के निम्नलिखित आधार प्रायः मिलते हैं। यथा—

(क) विशिष्ट भौगोलिक तथ्यों के आधार पर—
माळंगो[1] मंसाजी री भाखर[2] ढसु री भाखर[3] छीतरियौ (तालाब)[4] चपला बेरो[5] धवलेहरो[6] (तालाब)

(ख) बसने वाले प्रमुख व्यक्ति के नाम पर—
कांना गोधा री बास[7], सोढा बांमण री बास[8], वीरम रो बास[9], सुरजमल रौ बास[10], गोयंदपुरो[11]।

(ग) विशिष्ट व्यक्ति के अधिकार के आधार पर—
कांनावास[12] मानसिंघ री वासणी[13], रायमल री वासणी[14], भींद-ळियो।[15]

---

१. पृ० ३२६। २. ४७१। ३. ५०६। ४. ४४०। ५. ३६१। ६. ४४९। ७. ३०१। ८. ३०२। ९. २२८। १०. २३८। ११. ४१९। १२. २३८। १३. ४०४। १४. ४०६। १५. ४१९।

(घ) किसी देवता अथवा देवस्थान के आधार पर—

विनाइकयो[1], चवंडवा[2], आदि

(ङ) चमत्कारिक व्यक्ति के नाम पर—

सोझत[3], चरपटियो,[4], जैतारण[5]

(च) बस्ती विशेष के आधार पर—

गोगादेवां री वास[6], सतावतां री वास[7], कुंभारां री वास[8], सोलंकियां री कोहर[9], मो'तों री वासणो[10]।

इस प्रकार तत्कालीन मारवाड़ से सम्बन्धित विविध ऐतिहासिक सामग्री तथा प्राचीन इतिहास के बारे में अनेक प्रकार की जानकारी व पड़ौसी राज्यों तथा मुगल साम्राज्य के साथ राजनैतिक सम्बन्धों के कई महत्त्वपूर्ण सूत्र इस ग्रंथ में विद्यमान हैं।

राजस्व व प्रशासनिक व्यवस्था

राजस्थान के इतिहास से सम्बंधित जो भी साधन अद्यावधि उपलब्ध हुए हैं उनमें यहां के प्राचीन राज्यों की राज्य-व्यवस्था, आमदनी के साधनों आदि के सम्बन्ध में अति अल्प जानकारी मिलती है। प्रस्तुत ग्रंथ में अपेक्षाकृत ऐसी जानकारी विशेष रूप से उपलब्ध होती हैं। लेखक ने किसी एक ही स्थल पर इस विपय पर प्रकाश नही डाला है अपितु अनेक प्रसंगों में इस प्रकार के तथ्यों का उल्लेख किया है।

बादशाह अकबर ने अपनी प्रबंध-पटुता से प्रशासन व राजस्व सम्बन्धी नियम निश्चित किये थे और सभी सूबों में एक ही प्रकार का प्रशासन कायम किया था। उसी परिपाटी का निर्वाह आगे भी होता रहा। जोधपुर के महाराजा सूरसिंह के योग्य प्रधान भाटी गोयंददास ने सर्वप्रथम बादशाही नियमों के आधार पर मारवाड़ में भी प्रशासनिक व राजस्व सम्बन्धी नियम बना कर उन्हें लागू किया। वही प्रणाली अनेक पीढ़ियों तक यहां प्रचलित रही। इस ग्रंथ से महाराजा जसवंतसिहजी (प्रथम) के समय में प्रचलित राजस्व व प्रशासन सम्बन्वी परम्परागत नियमों तथा उनमें उस समय होने वाले परिवर्तनों का कुछ विशेष पता चलता है।

---

१. २०८। २. २३७। ३. ३८३। ४. ४४६। ५. ३८३। ६. ३०५। ७. ३०६। ८. ३०७। ९. ३१५। १०. ३९५।

राजस्व

राजस्व ही ग्रामदनी का मुख्य साधन था। इसकी वसूली दो प्रकार से होती थी—जागीरदारों से रेख के रूप मे तथा खालसा गांवों से जमीन की उपज के अनुसार सीधी लगान-वसूली।

१. जागीरदारों के गांवों से रेख के निश्चित रुपयों के अतिरिक्त जब्ती के समय विशेष कर वसूल किया जाता था। यह जब्ती जागीरदार की मृत्यु होने पर अथवा शासक की नाराजगी के कारण भी होती थी।[1] ऐसे अवसर पर राजकीय अधिकारी लगान वसूल करता था।

२. खालसा के गांवों से प्रत्येक परगने में खरीफ और रबी की फसल की पैदावार से अलग-अलग अनुपात में फसल का हिस्सा लिया जाता था। इसके अतिरिक्त अफीम, सब्जी, कपास, कड़बी, फलों आदि पर रोकड़ कर लिया जाता था[2]। कुछ लोगों से खेती की उपज का हिस्सा न लेकर रोकड़ रुपया मुकाते के रूप में वसूल होता था।

जानवरों की चराई पर भी कर वसूल किया जाता था। गायों, भैंसों आदि पर लगने वाला कर घासमारी कहलाता था तथा ऊंट बकरी पर लगने वाला कर पांनचराई के नाम से पुकारा जाता था। यह कर पशुओं की गणना के अनुसार रोकड़ में लिया लाता था[3]।

खलिहानों पर अनेक प्रकार के छोटे-बड़े कर लिये जाते थे जिनमें गूघरी, दवातपूजा, कागज-खर्च, कणवारिये की रकम, दांती, जुआरी, ताली, भरोती, निगरानी का खर्च आदि मुख्य थे। इन करों में घटा-बढी भी होती रहती थी। कभी-कभी कुछ कर माफ भी कर दिये जाते थे।[4] परगनों के अनुसार करों की संख्या व अनुपात में भिन्नता भी थी।[5]

जनता से धूमाला व षीचड़े का कर भी लिया जाता था। धूमाला का कर गांव की आवादी से प्रति घर हैसियत के अनुसार चौधरी लोग शामिल कर के राज्यकर्मचारी को देते थे। खीचड़े की रकम फौज आदि के खर्च के लिये ली जाती थी। यह रकम अधिक नही होती थी। पूरे मेड़ते परगने की खीचड़े की रकम ६००) या ७००) रुपये वसूल होती थी।[6]

---

१. द्रष्टव्य भाग २ पृ० ६१। २. पृ० ८६। ३. पृ० ८८। ४. पृ० ६२-६३।
५. इन पर भाग ३ के परिशिष्ट में विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। ६. पृ० ६८।

३. जमीन और खेती सम्बन्धी इन करों के अतिरिक्त व्यापारियों से भी कर लिया जाता था। इस प्रकार की कर-व्यवस्था का संकेत लेखक ने पोकरण परगने के वृत्तांत में दिया है।

पोकरण के व्यापारी राज्य के अंदर से ही कपास, अनाज, तिल, घी आदि वस्तुएँ व्यापार के लिये लाते थे तो एक मन पर १ सेर कर वसूल किया जाता था। बिसाती-वस्तुओं के ऊपर एक मन के पीछे सवा सेर कर के रूप में वसूल किया जाता था। परदेश के व्यापारी कपड़ा, रेशम, दांत, कस्तूरी, कपूर, मोती आदि लाते थे, उन पर रोकड़ कर दुगानी के सिक्कों में लिया जाता था। महाजनों से प्रति घर १७ दुगानी कर लिया जाता था। होली-दीवाली १२ दुगानी तथा राखड़ी (रक्षा-बन्धन) पर ५ दुगानी। घोड़ों आदि के व्यापारियों से भी कर लिया जाता था। मेलों से भी आमदनी होती थी। प्रत्येक परगने की पैदावार तथा आर्थिक व भौगोलिक स्थिति के आधार पर कर की इन दरों के अनुपात में भी भिन्नता थी।

४. मुगल काल में जो मनसब देने की प्रथा थी उसके अनुसार यहां के शासकों को भारत के विभिन्न सूबों की सूबेदारी मिलती रही है। इन्हें उस सूबे की एक निश्चित रकम प्रति वर्ष बादशाह के खजाने में जमा करवानी होती थी[1] बाकी आमदनी शासक स्वयं रखता था। कभी-कभी युद्ध आदि विशेष अवसरों पर बादशाह की ओर से फौज-खर्च के लिये भी रकम मिलती थी। युद्धों में अच्छा काम देने पर रोकड़ रकम के रूप में ईनाम, जड़ाऊ शस्त्र, हाथी तथा घोड़े आदि भी दिये जाते थे। अतः यह भी आमदनी का एक साधन था। ऐसे अवसरों पर अधिक ईनाम तथा विशेष राजकीय सम्मान पाने के लिये शासकों में प्रतिस्पर्द्धा भी चलती थी।[2] महाराजा जसवंतसिंहजी को अनेक अवसरों पर बादशाह शाहजहां और औरंगजेब ने सूबेदारी व राजकीय सम्मान दिया था, जिनका विस्तार से वर्णन जोधपुर परगने के ऐतिहासिक वृत्तांत में लेखक ने दिया है।

उस समय व्यवहार में आने वाले सिक्कों में रुपया, दांम, पीरोजी, दुगनी, फदिया, टका आदि का उल्लेख इस ग्रंथ में मिलता है। दांम व रुपये का प्रयोग शाही खजाने के साथ लेन-देन में भी होता था। ४० दांम का एक रुपया[3] उस

---

१. इस रकम में कभी-कभी वृद्धि भी कर दी जाती थी जिसे ईजाफा कहा जाता था।
२. ऐतिहासिक रुक्के परवाने (परम्परा भाग-२४ पृ० ६)। ३. रुपये का आविष्कार शेरखां के समय में हुआ। अकबर के समय में भी ४० दांम का एक रुपया माना जाता था। (आईने अकबरी पृ० ४१, अनु० हरिवंशराय)।

समय माना जाता था। दांम[1] तांबे का तथा रुपया चांदी का सिक्का होता था। व्यापार में भी प्रायः इन दोनों सिक्कों का प्रचलन अधिक था। स्वर्ण मुद्राओं में मोहर का भी उल्लेख हुआ है।

अपने राज्य में पुराने कर घटाने-बढ़ाने का अधिकार शासक को था। परन्तु मुगल सम्राट भी इसमें दखल दे सकता था क्योंकि किसी भी परगने को राज्य मे मिलाने व अलग करने का अधिकार इसे था। महाराजा जसवंतसिंह के समय में मेड़ता के जाटों ने करों को घटाने के लिये बादशाह की दरगाह मे फरियाद की थी और उनकी फरियाद बराबर सुनी गई। तथा बादशाह की ओर से आदेश दिया गया था कि राजा गजसिंह के समय में जो भी कर लिया जाता था वही लिया जाय उससे अधिक या कम नही किया जाय[2]। इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि करों की व्यवस्था का मूल आधार स्थानीय परम्परा से सम्बंध रखता था और साधारणतया उनमें परिवर्तन करना उचित नहीं समझा जाता था।

अकाल पड़ने पर करों में विशेष रियायत दी जाती थी। जमीन का लगान नाम मात्र का लिया जाता था, जिसे पाताळ-भोग कहते थे।[3] गांवों की आमदनी के वृत्तांत से उस समय के प्रकृति-गत प्रभाव और वस्तुओं के भावों सम्बन्धी अनेक तथ्यो के बारे मे अनुमान लगाया जा सकता है। संवत १७१५ में प्रायः प्रत्येक गांव की आमदनी बहुत कम है जिससे अनुमान लगता है कि इस वर्ष अकाल था।[4] इसी प्रकार जिन वर्षों में अधिक आमदनी हुई है वे वर्ष विशेष अच्छी वर्षा व पैदावार होने के द्योतक हैं।

प्रशासन

ग्रंथ में राज्य-व्यवस्था तथा प्रशासन सम्बन्धी अनेक संकेत कई स्थलों पर मिलते हैं जो स्थानीय मान्यताओं, परिस्थितियों और परम्पराओं को समझने में सहायक हैं। साथ ही यहां की व्यवस्था पर मुगलो के प्रभाव, मुगल साम्राज्य के दखल और अंतर्बाह्य कारणों से पैदा होने वाली उलझनों तथा उनके निदान पर भी प्रकाश पड़ता है।

---

१. पहले इसे बहलोल व पैसा भी कहते थे। २. पृ० ९४-९५ (भाग-२) ३. पृ० १२७। ४. इस तथ्य की पुष्टि एक अन्य ग्रंथ से भी होती है, जिसमें लिखा है कि सं० १७१५ में जबरदस्त अकाल पड़ा तब १ रु० का २॥ सेर अनाज बिका। सं० १७२० में भी अकाल पड़ा तब जानवर बहुत मरे। (रा. शो. सं. संग्रह, ग्रंथांक ८१९० पत्र १४५)

शासक की नियुक्ति तथा उसके अधिकार—राव मालदे तक साधारणतया यह परम्परा मान्य थी कि शासक की मृत्यु के पश्चात उसका जेष्ठ पुत्र राजगद्दी का अधिकारी होता था। परन्तु इस परम्परा का बराबर निर्वाह दो कारणों से नहीं हो पाया—कई बार राजा अपनी प्रिय रानी के पुत्र को गद्दी का अधिकारी घोषित कर देता था जैसा राव चूंडा ने किया। जेष्ठ पुत्र में योग्यता की कमी होने पर भी गद्दी के लिये उसे अनुपयुक्त समझ कर सामंत गण उसके अन्य भाई को गद्दी का अधिकारी बना देते थे।[२] तभी से यह कहावत प्रसिद्ध हुई—

'रिड़मलां थापिया जिके राजा'

यह सब कुछ होते हुए भी तब तक राज्य-गद्दी के अधिकार के निश्चय के सम्बन्ध में किसी बाहरी शक्ति का वैधानिक हस्तक्षेप नहीं था। बादशाह अकबर की ओर से सर्वप्रथम मुगल साम्राज्य का हस्तक्षेप प्रारंभ हुआ और मारवाड़ का विधिवत शासक वही माना जाने लगा जिसे सम्राट की ओर से टीका दिया जाता था। साथ ही उसे मनसब भी दिया जाता था, जिसके बदले में उसे अपनी सेवाएँ साम्राज्य को देनी होती थीं। मोटा राजा उदयसिंह को सर्वप्रथम अकबर ने अपनी ओर से मारवाड़ का राज्याधिकार दिया था और तब से ऐसी प्रथा चल गई कि सम्राट शासक के पुत्रों मे से किसी को भी राज्य-गद्दी का अधिकारी बना सकता था। परन्तु यह सब उस समय की परिस्थितियों तथा शासक व सम्राट के आपसी सम्बन्धों पर ही बहुत कुछ निर्भर करता था। शाहजहां ने राजा गजसिंह की इच्छानुसार उसके छोटे लड़के जसवंतसिंह को गद्दी का अधिकारी बनाया था क्योकि गजसिंह की सेवाओं से वह बहुत प्रसन्न था और जेष्ठ पुत्र अमरसिंह को पहले से ही नागोर की जागीर प्रदान कर के अलग कर दिया था।

गद्दी पर बैठने के पश्चात नये शासक के नाम का 'अमल दस्तूर' उसके राज्य में होता था, जिससे उस शासक के नाम की विधिवत कार्यवाही राज्य में प्रारंभ होती थी।

शासक की दोहरी जिम्मेवारी होती थी। एक ओर उसे मुगल साम्राज्य की सेवाओं का पूरा खयाल रखना पड़ता था तथा दूसरी ओर अपने राज्य का प्रबंध करना पड़ता था। अकबर के शासन-काल से लेकर औरंगजेब के समय तक प्रायः यहां के शासक मुगल साम्राज्य की सेवाओं में ही अधिक व्यस्त रहे है और स्थानीय शासन का कार्य अपने प्रधान व दीवान आदि के माध्यम से चलाते रहे हैं।

---

१. पृष्ठ २६। २. मुहणोत नैणसी की ख्यात (ना. प्र. स. काशी) जि.-२ पृ. १४४।

शासक अपने राज्य के आंतरिक प्रशासन में स्वतंत्र था। राज्य-कर्मचारियों की नियुक्ति करना, अधिकार बांटना, पुरस्कृत करना, दंड देना आदि सभी कुछ उसी के अधिकार में था।

राज्य-व्यवस्था को चलाने के लिये अनेक अधिकारी नियुक्त किये जाते थे[1]। परन्तु इस ग्रंथ में ४-५ प्रमुख पदाधिकारियों का ही उल्लेख कुछ प्रसंगों में हुआ है। इन अधिकारियों के अधिकार और कर्त्तव्यों का भी कुछ अनुमान लेखक के वृत्तांतों से मिलता है।

प्रधान—यह राज्य का प्रधान मंत्री होता था। राज्य की सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था उसके अधिकार में होती थी। प्रधान राजनीति और राज्य-व्यवस्था में निपुण होता था तथा साथ ही राजा का विश्वासपात्र तथा प्रभावशाली व्यक्ति होता था। प्रधानगी का पद राज्य मे सबसे बड़ा पद माना जाता था तथा इस पद की चाकरी की एवज में शासक की ओर से जागीर का बड़ा पट्टा दिया जाता था। राजा की अनुपस्थिति में सारा कार्य-भार उसी पर होता था। राजा के आदेश पर सन्धि-विग्रह, चढाई, मुगलदरबार में उपस्थित होना आदि सभी कार्य प्रधान करता था। राजा सूरसिंह के प्रधान भाटी गोयंददास द्वारा की गई इस प्रकार सेवाएँ इसका प्रमाण हैं।

जसवंतसिंह की गद्दीनशीनी के समय राजसिंह खींवावत मारवाड़ का प्रधान था। उसकी मृत्यु होने पर संवत १६९७ में राठौड़ महेशदास सुरजमलोत को यह पद मिला था।[2]

दीवान— यह राज्य का राजस्व सम्बन्धी सबसे बड़ा अधिकारी होता था। राजस्व की वसूली, उसका हिसाब-किताब अधीनस्थ कर्मचारियों की निगरानी आदि का कार्य उसके जिम्मे होता था। उसे पर्याप्त दीवानी और फौजदारी अधिकार भी होते थे। वह परगने के हाकिमों, कानूगोओं आदि से सीधा सम्पर्क रखता था। जमीन की किश्म, पैदावार, जागीर व खालसे के गांवों की पूरी जानकारी उसे होती थी। स्वयं नैणसी ने लम्बे अरसे तक मारवाड़ की दीवानगी का कार्य किया था।

अकबर की राज्य-व्यवस्था में दीवान का पद बड़े महत्व का माना जाता था। प्रत्येक सूबे में दीवान और सूबेदार के दो प्रमुख पद होते थे। ये एक

---

१. प्राचीन ग्रंथो में मारवाड़ के प्रशासन के सम्बन्ध में ९० ओहदों की सूची मिलती है, जिनमें से अधिकाश पद इसी समय से चले आते रहे हैं। २. पृष्ठ १२५।

दूसरे से स्वतंत्र पदाधिकारी होते थे।[१] पहला राजस्व वसूली आदि की व्यवस्था को देखता था, दूसरा प्रशासनिक अधिकारी होता था, जिसके अधिकार में फौज व पुलिस रहती थी। इसे सिपहसालार भी कहते थे।

वैसे दीवान शब्द बहुत प्राचीन है तथा प्राचीन राज्य-व्यवस्था की विशिष्ट प्रणाली में ऐतिहासिक महत्व रखता है क्योंकि सर्वप्रथम अरबों द्वारा इजिप्ट पर शासन करते समय इस पद की स्थापना की गई थी तथा राजस्व और प्रशासनिक कार्यों को सर्वथा अलग-अलग बांट दिया था।

ग्रंथ में वर्णित नैणसी द्वारा की गई सेवाओं के आधार पर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि दीवान प्रशासन तथा युद्ध-कार्य में भी सिद्धहस्त होता था। वह जनता के साथ सीधा सम्पर्क भी स्थापित करता था तथा परिस्थिति के अनुसार शासक को निवेदन कर, कर की वसूली में रियायत भी करवा सकता था।

वकील—यह पद भी अपना विशिष्ट महत्व रखता था। यह मुगल दरबार में शासक के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता था। आवश्यकता पड़ने पर वह मुगल दरबार में अपने शासक की अर्ज पेश करता था। वह वहां की राजनैतिक गतिविधियों पर पूरी नजर रखता था तथा महत्त्वपूर्ण मसलों के बारे में अपने शासक को पत्र भेज कर सूचित करता रहता था। वकील अत्यंत बुद्धिमान और राजा के भरोसे का व्यक्ति होता था। राज्य और साम्राज्य के आपसी सम्बन्धों का निर्वाह किसी हद तक उस पर निर्भर करता था।

शाही दफ्तर की फहरिश्तों में अपने राजा को मिलने वाले नवीन परगनों की स्थिति, रकम की जमा-बकाया आदि का लेखाजोखा भी वह देखकर सूचना भेजता था। वहां के अधिकारियों से उचित सम्बन्ध बनाये रखकर समय पर अपना काम करवाना तथा विशिष्ट परिस्थितियों में सभी प्रकार की राजनैतिक हलचलों से शासक को सूचित करना आदि उसके कार्य होते थे। राजा जसवंत सिंह के समय में मनोहरदास प्रसिद्ध वकील हुआ।[२] समय-समय पर उसके द्वारा दी गई सूचनाओं तथा सेवाओं से पता चलता है कि यह पद उस समय कितना महत्व रखता था। ख्यातों में कभी-कभी प्रधान के लिये भी वकील शब्द का प्रयोग मिलता है।

---

१. AIN-I- AKBARI.Vol. II page 38-53। २. पृष्ठ १५७।

बाद के कुछ रुक्के-परवानों के अध्ययन से तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि केन्द्र की राजनीति से सतर्क रहने के लिये तो बहुत हद तक राजाओं को अपने वकीलों पर ही निर्भर करना पड़ता था। उनकी गफलत से शासक को बड़े से बड़ा नुक़सान हो सकता था।[1]

हाकिम—प्रत्येक परगने में एक हाकिम नियुक्त किया जाता था जो राजस्व-वसूली और राज्य-व्यवस्था आदि कार्य देखता था। वह कस्बे के दुर्ग में आवश्यक साज-सामान सहित रहता था। वह अपना दीवान लगाता था तथा मुकदमों की सुनवाई भी करता था।[2] मु० सुंदरदास तथा नैणसी पोकरण के हाकिम रह चुके थे। इसे थानेदार भी कहा जाता था क्योंकि परगने की सुरक्षा का प्रबंध भी उसके जिम्मे होता था। आवश्यकता पड़ने पर उसे आक्रान्ताओं से मुकाबला भी करना पड़ता था। शासकों को जब बाहर के किसी परगने की सूबेदारी मिलती थी तो उसके प्रमुख अधिकारी को भी हाकिम का पद दिया जाता था।

कानूगो—प्रत्येक परगने में कानूगो रहते थे। जमीन की पैमाइश, उसकी किश्म, लगान, आमदनी आदि का व्योरा इनके पास रहता था। राजस्व को व्यवस्था में यह महत्वपूर्ण पद होता था। कानूगो लोग प्राय: ओसवाल अथवा पंचोली जाति के होते थे। इनका यह पद पुश्तैनी होता था। जमीन के जिस भाग का व्योरा जिसे रखना होता था वह उसके जिम्मे वंश-परम्परा से रहता था। मेड़ते परगने के इस दृष्टि से ६ हिस्से (पट्टी) थे और उनका कार्य ६ कानूगोओं के घरानों में वंटा हुआ था।[3] अकबर के प्रशासन में भी यह पद पर्याप्त महत्त्व रखता था। इसका दर्जा तहसीलदार से नीचे रखा गया था। कानूगो के कार्य-सम्पादन मे पेशे की परम्परागत व विस्तृत जानकारी अपेक्षित थी इसलिये उसने भी इनका पद पुश्तैनी ही रखा था। महेसदास जसवंतसिंहजी के समय में प्रसिद्ध कानूगो हुआ।[4]

इन प्रमुख पदों के अतिरिक्त अन्य कई छोटे-बड़े पद होते थे जैसे हुजदार, सिकदार, पोतदार, चौकीनवीस आदि।

इस ग्रंथ में प्रशासन अधिकारियों और उनके कार्यों का जो भी उल्लेख हुआ है उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि उस समय यद्यपि राजस्व सम्बन्धी व्यवस्था की ओर पर्याप्त ध्यान दिया जाता था परन्तु उस काल की

---

१. द्रष्टव्य—ऐतिहासिक रुक्के परवाने (परम्परा भा० २४) २. पृ० ३६० । ३. पृ० ८७ (भाग २) ४. पृ० १६४।

परिस्थितियों और प्राचीन परम्पराओं के अनुसार प्रशासन, राजस्व और फौज के विभाग पूर्णतया एक दूसरे से अलग नहीं थे। बहुत से उच्च अधिकारियों को प्राय: मिले-जुले रूप में उपरोक्त तीनों जिम्मेवारियों का निर्वाह करना पड़ता था।

उस समय की सामाजिक एवं राजनैतिक प्रणाली में पंच-व्यवस्था के भी एक-दो संदर्भ इस ग्रंथ मे आए हैं। बरसिंघ की मृत्यु के पश्चात पंचों ने मिलकर उसके पुत्र सीहा को मेड़ते का टीका दिया परन्तु सीहा अयोग्य निकला, तब उसकी मां ने पंचों को फिर से बुलाया और उनकी सलाह से दूदा को वापिस बुला कर मेड़ते का टीका दिया। जनता के प्रतिनिधि के रूप में चौधरी नियुक्त करने की भी प्रथा थी। दूदा के समय थिरराज डांगा जाट को देश-मुख चौधरी नियुक्त करने का उल्लेख मेड़ता के प्रसंग में है।

राज्य के बड़े पदों पर अधिकारियों को नियुक्त करते समय उनकी वंश-परम्परा और राजकीय सेवाओं को भी ध्यान मे रखा जाता था। परन्तु ये पद पुश्तैनी नहीं हुआ करते थे। ख्यातों मे ऐसे उल्लेख अवश्य मिलते हैं जिनके अनुसार कुछ पदों पर जाति विशेष के व्यक्तियों को नियुक्त करने की परम्परा थी। खीची, धांधल पड़िहार और गेहलोत शाखा के राजपूत प्राचीन काल से ही राजा की खवासी (पद विशेष) में रहने के अधिकारी माने जाते थे।

अपनी कुछ स्थानीय विशेषताओ के होते हुए भी धीरे धीरे सम्पूर्ण राज्य-व्यवस्था की प्रणाली मुगल साम्राज्य के प्रशासनिक ढांचे से पूरी तरह प्रभावित हो चुकी थी, जिसका अनुमान पदों के नामों और प्रशासनिक शब्दावली से ही लगाया जा सकता है। मुगल काल में भारत के सभी राज्य इस प्रणाली के ढांचे में ढल चुके थे अत: यह राज्य उसका अपवाद नहीं हो सकता था। इस धारणा को अधिक स्पष्ट करने के लिये सर जदुनाथ सरकार की निम्न पंक्तियाँ उल्लेखनीय हैं—

"This type of administration, with its arrangement procedure Machinery and even titles was borrowed by the Hindu States outside the territory directly subject to muslim rule. ....But the Mughal System was also the model followed by some independent Hindu States of the time. Even a staunch champion of Hindu orthodoxy like Shivaji at first copied it in Maharastra, and it was only later in life that he made a deliberate attempt to give a Hindu colour to his administrative machinery by substituting Sanskrit titles for Persian onces at his court.[1]"

---

1. MUGHAL ADMINISTRATION—Sir Jadunath Sarkar, Page 2-3 (IV Ed.)

मनसव सेना व युद्ध

मनसव—यहां के राजाओं को शाही मनसब मिलता था, यह पहले ही कहा जा चुका है। जिस शासक का जितना बड़ा मनसव होता था वह मुगल साम्राज्य का उतना ही बड़ा पदाधिकारी माना जाता था। मनसब का मुख्य सम्बन्ध सैनिक शक्ति से था[1] क्योंकि मनसबदार को अपने मनसब के अनुसार नियत संख्या में सेना रखनी पड़ती थी। प्रस्तुत ग्रन्थ में अनेक स्थलों पर यहाँ के शासकों के मनसव का विस्तार के साथ ब्यौरा दिया गया है जिसके आधार पर उन शासकों का साम्राज्य में दर्जा, सैनिक-शक्ति, शाही वेतन आदि अनेक महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश पड़ता है।

मनसव और मनसबदार मुगलकालीन भारत की न केवल सैनिक व्यवस्था के अपितु राजनीति और प्रशासन के भी मुख्य आधार रहे हैं। इसीलिए इस काल के इतिहासकारों ने इन पर यथाप्रसंग अपने विचार प्रकट किये हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार वी. स्मिथ का इस पद की परम्परा आदि के सम्बन्ध में मन्तव्य इस प्रकार है—

"The superior graded officers were called Manasabdars, holders of Manasabs, official Places of Rank and Profit.

The Arabic word Manasab which was imported from Turkistan and Persia Simply means Place (जगह).

The earliest mention of the grading of Manasabdars in India is the statement of Tod, that Biharimal was the first prince of Amer who paid homage to the mohamadan power. He received from Humayun the Manasab of 5000 as Raja of Amer. That must have happened about 1584. The next reference to a Manasab of definite grade known to me occurs in the 15 year of Akbar's reign (1570-71) when Baz Bahadur the Ex-King of Malwa came to court and was appointed a Manasabdar of 1000. ....The system was borrowed directly from Persia.[2]

सेना—इन मनसवदारों के पद के आगे हजारी शब्द लगता था, जैसे

---

१. वैसे मुगल साम्राज्य के सभी पदों पर कार्य करने वालों का वेतन व दर्जा मनसब के अनुसार ही बंधा हुआ था और नक्सी ही उनकी (फौजी व अन्य पदाधिकारी) तनख्वाह चुकाता था परन्तु इस संदर्भ में 'मनसब' का सम्बन्ध सैनिक सेवाओं से है। 2. Akbar the great mogul, Page 262-63.

२ हजारी, ३ हजारी आदि। छोटे मनसबदारों के आगे सदी शब्द लगता था—२ सदी, ३ सदी आदि। मनसब की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने के लिये जात और सवार शब्द प्रयुक्त होते थे जिनके अर्थ के सम्बन्ध में इतिहासकारों में भ्रान्ति व मतभेद है[1]। डॉ० आशीर्वादीलाल ने जात और सवार शब्दों पर विचार करते हुए, उनके अनुसार दर्जों को स्पष्ट करने का प्रयास किया है[2] —

जात—जात मनसबदार को घोड़े, हाथी और लद्दू जानवर निश्चित संख्या में रखने पड़ते थे परन्तु घुड़सवार नहीं।

सवार—इस पद वाले को घुड़सवार नियत संख्या में रखने पड़ते थे।

श्रेणियाँ—

१. सवार पद जात के पद के समान होता था तो प्रथम श्रेणी।

२. सवार पद जात पद से कम पर जात से आधे से कम नहीं तो द्वितीय श्रेणी।

३. सवार पद से जात पद कम होता था तो तृतीय श्रेणी।

प्रस्तुत ग्रंथ मे इकसपह, दूसपह और सेसपह शब्द भी मनसब के साथ प्रयुक्त हुए है। ये शब्द मनसबदार की फौज की वास्तविक वैतनिक स्थिति को स्पष्ट करने के लिए प्रयुक्त होते रहे हैं परन्तु इनके सही अर्थ के सम्बन्ध में भी इतिहासकार एक मत नहीं है। वास्तव में इस प्रकार के मतभेद का मुख्य कारण यह प्रतीत होता है कि प्रत्येक बादशाह के समय में फौज की वास्तविक स्थिति में कुछ न कुछ रद्दोबदल होता रहता था। मनसब का दर्जा वही रहते हुए भी युद्ध के समय उपस्थित घुड़सवारों की संख्या आदि में भी परिवर्तन होते रहते थे[3]। विलियम इरविन ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'The Army of the Indian Moghuls' में इकसपह और दूसपह पर इस प्रकार अपना मन्तव्य व्यक्त किया है—

These mounted officers might be two-horse (*duaspah*) or only one horse (*Yakaspah*) men. Working on these Distinctions we get the following scheme of Pay—

Duaspah suwar : Where inclusive of the officers own

---

1. History of Shahjhan—B.P. Saksena, Page 285. २. मुगलकालीन भारत—डॉ० आशीर्वादीलाल सक्सेना, पृ० ५७०। ३. डॉ० रघुबीरसिंह—राजस्थान भारती, भा० ६ अ० १ पृ० ८ (टिप्पणी)।

retainers *(Khasha)* there were one huudred men present per hundred of rank, Pay was drawn at *duaspah* rates.

But if the number were under fifty per 100 of rank, pay was passed to the *hazari* as if he were a mounted *sadiwal*[1]; subject to restoration to *duaspah* pay when his muster again conformed to the standard.

Yakaspah : If including *Khasha* men there were fifty men present per hundred of rank full pay was given; if only thirtyone or under, the hazari was paid as a *Sadiwal Piyadah* (unmounted) and certain other deductions were made.[2]

उपरोक्त दोनों शब्दों के साथ बावरदी शब्द भी प्रयुक्त हुआ है,[3] जिसका अर्थ होता है 'सुयोग्य परन्तु दरिद्री सैनिक, जिन्हें घोड़ा रखने के लिये वेतन मिलता था, जागीर भी दी जाती थी परन्तु जिनके घोड़े दागे नहीं जाते थे'[4]।

सैनिकों के वेतन और सेना के निरीक्षण आदि से सम्बन्धित अनेक नियम बने हुए थे जिनका पालन मनसबदारों को करना पड़ता था। मनसबदारों को अपनी सेना में सैनिक भर्ती करने का पूरा अधिकार था। विशेषतया वे अपने कुटुंब के लोगों को प्राथमिकता दे सकते थे।

कुल मिलाकर मनसबदारों को खूब अच्छा वेतन मिलता था।[5] उनको अच्छी सेवाओं के उपलक्ष में पद-वृद्धि तथा पुरष्कार मिलते रहते थे। सेवाओं में असावधानी करने पर अथवा किसी राजनैतिक कारण से सम्राट के असंतुष्ट होने पर पद में कमी भी कर दी जाती थी। ऐसी स्थिति में उनके मनसब के आधार पर दिये गये परगनों में भी उसी समय कटौती कर दी जाती थी।

मनसब के अंतगर्त नियत सेना की संख्या के अतिरिक्त शासक को अपने राज्य की सुरक्षा के लिये भी पर्याप्त सेना रखनी पड़ती थी। शासकों को साम्राज्य की सेवा में आदेशानुसार सुदूर प्रांतों में ससैन्य जाना पड़ता था और कई वर्षों तक वहीं रहना पड़ता था। पीछे छोटे-बड़े सीमा-सम्बन्धी विवाद आंतरिक संघर्ष आदि होते ही रहते थे, जिन्हें प्रधान, हाकिम आदि सेना-सहित

---

१. जिसके मनसब के आगे 'सदी' लगता हो। 2 The Army of the Indian Moghuls—William. Irvine, Page 23-24. ३. पृ० १५३। ४. डॉ० रघुवीर-सिंह, राजस्थान भारती—भाग ६, अक १, पृ० १०। ५. डॉ० आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, मुगलकालीन भारत पृ० ५७१।

जाकर दबाते थे। इस फौज में प्राय: यहां के जागीरदरों द्वारा चाकरी में दिये हुए सैनिक भी रहते थे। सभी परगनों में इस प्रकार की व्यवस्था रहती थी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जागीरदार की ओर से राज्य सेवा के लिये निश्चित संख्या में नियत किये गये घुड़सवार, सुतरसवार आदि रहते थे।[1]

युद्ध—मुगल साम्राज्य के लिये यहां के शासकों द्वारा बड़े-बड़े युद्ध लड़े गये, जिनका उल्लेख इस ग्रंथ में यथाप्रसंग किया गया है। परन्तु युद्धों का विस्तृत ब्यौरा कहीं पर भी नहीं दिया गया है। मारवाड़ राज्य के कुछ सीमावर्ती राज्यों और आंतरिक संघर्षों का कहीं-कहीं विस्तार से वर्णन अवश्य किया गया है जिससे उस समय की युद्ध-प्रणाली, सैनिक-संगठन और अधिकारियों की सूझ-बूझ का कुछ परिचय हमें मिलता है। राव मालदे की मेड़ता पर चढाइयां, उदयसिंह की फलोधी पर चढ़ाई, नैणसी की पोकरण पर चढाई, चंद्रसेन का अकबर की फौज से मुकाबला, सीवाना के किले की रक्षार्थ कल्ला का प्राणोत्सर्ग आदि कुछ उल्लेखनीय युद्ध हैं, जिन पर लेखक ने विस्तृत प्रकाश डाला है। युद्ध-कला की दृष्टि से इनका वर्गीकरण निम्न प्रकार किया जा सकता है—

१. खुले मैदान में दोनों पक्षों की सेनाओं का युद्ध—खेत बुहार लड़णो[2]।

२. पहाड़ों में छापामार प्रणाली द्वारा युद्ध—भाखर सभणो[3], झालणो।

३. किले में सुरक्षित रह कर मुकाबला करना—गढ़ सभणो, गढ़ झालणो[4]।

४. रात्री को हमला बोलना—राती बाहो[5]।

सेना जब युद्ध के लिये गंतव्य स्थान की ओर प्रयाण करती थी तो सम्बन्धित अधिकारी रास्ते में पड़ने वाले जागीरदारों को विशिष्ट व्यक्ति के साथ आगे संदेश भिजवाता था, जिससे वे ठीक समय पर अपने सैनिक लेकर फौज में शामिल हो जावें। मु० नैणसी ने जब पोकरण पर चढाई की थी तो उसने इसी प्रकार की व्यवस्था की थी[6]। उस समय लोगों का शकुन में बड़ा विश्वास था। ठीक शकुन न होने पर कई बार फौज आगे बढने से रोक दी जाती थी।[7] हमला करने के पहले परिस्थिति के अनुसार फौज को कई भागों (अणियां) में बांट दिया जाता था[8] और प्रत्येक भाग एक जिम्मेदार पदाधिकारी को सौंपा जाता था।

---

१. पृ० ३३२, ३३३, ३३४, (भाग २)। २. द्रष्टव्य पृ० ३। ३. ११७। ४. पृ० ११५, ६४ (भाग २) २१९ (दो०) २९४-२९५ (भाग २)। ५. पृ० ७५, ४४ (भाग २), २२० (भा० २)। ६. १३८। ७. १२०-१२१। ८. २९९ (भाग २)।

हमला करते समय नगारा बजाया जाता था[१] जिससे सभी लोग सावधान हो जावें तथा अपने सैनिक युद्ध के लिए सन्नद्ध हो जावें। युद्ध में प्राय: तीर, तलवार, भाला, कटारी, गुरज, बन्दूक, तोप आदि अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग होता था। युद्ध करने के पहले शत्रु की सैनिक-शक्ति व आंतरिक स्थिति का पता लगाने के लिये जासूस (हेरू) छोड़े जाते थे।[२] अनेक बार इन जासूसों की चतुराई से कई गोपनीय तथ्यों का पता लग जाने के कारण शत्रु को परास्त करने में सफलता प्राप्त होती थी।

जब विरोधी किसी सुदृढ़ दुर्ग में युद्ध की सामग्री का प्रबंध आदि करके मुकाबला करने को कटिबद्ध हो जाता था तो किले को तोड़ना बड़ा दुष्कर कार्य होता था। ऐसी स्थिति में सुरंग अथवा तोपों द्वारा किले के किसी कमजोर भाग को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया जाता था। ऐसे अवसर पर शत्रु की मार से बचने के लिये मोरचों की पद्धति काम में ली जाती थी।[३] कई बार बड़े मजबूत किले किसी भेदिये द्वारा भेद दे देने पर सहजता से जीत लिये जाते थे।[४] दोनों पक्षों के लिये विकट स्थिति बन जाने पर उनके बीच चतुर व्यक्ति को भेजकर समझौता-वार्ता के भी प्रयास कई बार होते थे।[५] समझौते के अनुसार यदि किले वाला पक्ष किला खाली करके जाता था तो प्राय: वे विपक्षी से प्राणों की रक्षा का वचन मांगते थे जिसे 'धरम दुवार निकलना' कहते थे[६]। ऐसा संभव न होने पर वे केसरिया वस्त्र धारण कर किले के द्वार खोलते थे और लड़ते हुए वीर गति प्राप्त करते थे।[७] स्त्रियां जौहर कर अपने को अग्नि के समर्पण कर देती थीं[८] जिससे वे विधर्मियों के हाथों में न पड़ें। विजयी पक्ष सैदाने (वाद्य विशेष) बजा कर प्रसन्नता व्यक्त करता हुआ अपने विजय की घोषणा करता था[९] तथा अपने स्वामी के नाम की दुहाई चारों ओर फेर कर अपना अधिकार कायम करता था।

नैणसी द्वारा किये गए इन युद्ध-वर्णनों से पता चलता है कि युद्ध का तरीका वही परम्परागत था। परन्तु बंदूक और तोप आदि के आविष्कार के कारण उसमें कुछ परिवर्तन अवश्य हो गये थे। व्यक्तिगत पराक्रम, शस्त्र-संचालन की निपुणता, घुड़-सवारी और रसद की व्यवस्था का उस समय विशेष महत्व था।

---

१. पृ० १२०। २. पृ० ११५, पृ० ४ (भा० २), पृ० ४४ (भा० २)। ३. पृ० ३०३ (भा० २)। ४. पृ० २२० (भा० २)। ५. पृ० ११८, पृ० ७ (भा० २)। ६. पृ० ६४ (भा० २), पृ० २१६ (भा० २)। ७. पृ० ५४ (भा० २)। ८. पृ० २२० (भा० २)। ९. पृ० ५६ (भा० २)।

सुरक्षा की दृष्टि से किलों को बड़ा महत्व दिया जाता था क्योंकि उस समय सुदूर प्रान्तों की रक्षा के लिये कई स्थानों पर चौकियाँ कायम की जाती थीं। जिससे वे अपनी सामग्री व परिवार आदि को उनमें सुरक्षित रखकर युद्ध-कार्य कर सकें। तथा शत्रु से घिर जाने पर भी दूसरी सहायता पहुंचने तक उनका मुकाबला कर सकें। इसलिये जब तक दुर्ग को जीता नहीं जाता था तब तक उस क्षेत्र की विजय कोई विशेष मायने नहीं रखती थी।

किलों के इस महत्व के कारण ही प्राय: प्रत्येक शासक ने नये किले बनवाने के साथ-साथ पुराने किलों की मरम्मत करवाई और उनमें जलाशय आदि भी बनवाये। राव मालदे की देन इस दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है[1] क्योंकि उन्होंने न केवल जोधपुर के किले में सबसे अधिक कार्य करवाया अपितु सुदूरवर्ती किलों तक में कई परिवर्तन करवाये और कितने ही नवीन किलों व कोटड़ियों का निर्माण करवाया। यहां तक कि अजमेर के किले में भी पानी की नई व्यवस्था उन्होंने करवाई।

इस काल में राजपूतों की युद्ध-नीति में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन राव चंद्रसेन ने किया। नैणसी के विवरण से पता चलता है कि उसने पहाड़ों में रह कर छापामार-प्रणाली अपनाई क्योंकि अकबर जैसे शक्तिशाली सम्राट की विशाल फौज का खुले मैदान में मुकाबला करना न तो संभव था और न उसमें कोई बुद्धिमानी ही थी। आंतरिक विग्रह और साधनों की कमी के कारण उसे अपने खोये हुए राज्य को प्राप्त करने में सफलता नहीं मिल सकी। परन्तु उसने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और बराबर उसका मुकाबला करता रहा इसका मुख्य श्रेय उसकी युद्ध-प्रणाली को ही है। इसी प्रणाली के द्वारा आगे जाकर राणा प्रताप, राठोड़ दुर्गादास और शिवाजी जैसे स्वतंत्रता-प्रेमियों ने अपने लक्ष्य की प्राप्ति की।

साहित्य, धर्म और संस्कृति

साहित्य—राजस्थान ने भारतीय इतिहास को न केवल शौर्य और वीरत्व की गाथाओं से अलंकृत किया है अपितु साहित्य, धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में भी उसकी अनुपम देन है। राव सीहा से लेकर जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह तक का इतिहास हमें बताता है कि राजस्थान ने मृत्यु के साथ खिलवाड़ करके

---

१. पृ० ४५।

ही जीवन के वास्तविक मूल्यों की स्थापना की है और उसका जीवन्त चित्रण यहां के साहित्य की अद्वितीय विशेषता है।

इस साहित्य की ओर आज के विद्वान अवश्य आकृष्ट हुए हैं पर जब तक उस समय की सामाजिक परिस्थितियों और कवियों की वास्तविक जीवनी के तथ्यों को गहराई से नहीं समझा जायगा तब तक उनकी रचनाओं के साथ तादात्म्य स्थापित नही हो सकेगा और न उनका सही मूल्यांकन करने में ही कोई विद्वान सफल हो सकेगा। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिये नैणसी के इस ग्रंथ में विपुल प्रामाणिक सामग्री संग्रहीत है।

मध्यकालीन राजस्थान का साहित्य डिंगल व पिंगल दोनों भाषाओं में लिखा गहा हैं। डिंगल विशेष रूप से चारणों की भाषा रही और पिंगल को भाटों ने अपनाया। दोनों ही जातियों को यहां राज्याश्रय प्राप्त था। परन्तु चारणों के साथ राजपूतों के परम्परागत विशिष्ट सम्बन्ध होने से उन्हें विशेष प्रश्रय मिला।[1] चारण जाति का मारवाड़ में आगमन कोई १३वीं शताब्दी में गुजरात की ओर से हुआ था। यहां के शासकों ने खुले हृदय से उनको प्रश्रय देकर सम्पन्न बनाया। यही कारण था कि मारवाड़ शताब्दियों तक डिंगल काव्य का केन्द्र रहा जिससे राजस्थान के अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां का साहित्य अधिक सम्पन्न बन सका।

इन कवियों को सम्मानित करने के लिये न केवल करोड-पसाव, लाख-पसाव, हाथी, घोड़े, रकम, कुरब व पद आदि ही दिये गये अपितु पीढ़ियों के जीवन-यापन के लिये ग्राम व भूमि तक प्रदान की गई।

नैणसी ने मारवाड़ के ऐतिहासिक वृत्तांत में तो अनेक कवियों का उल्लेख प्रसंगानुसार किया ही है परन्तु प्रत्येक परगने में चारणों को प्राप्त सांसण के गांवों की अलग से सूची देकर उनके सम्बन्ध में पूरी जानकारी दी है यथा— किस शासक अथवा सामंत ने किसे यह ग्राम दिया और इस समय उसके वंशजों में से कौन व्यक्ति विद्यमान है तथा गांव की पैदावार आदि क्या है। इस प्रकार की विश्वस्त और निश्चित सूचना के आधार पर न केवल अनेक ज्ञात-अज्ञात कवियों के समय की ही जानकारी मिलती है अपितु उनकी आर्थिक परिस्थितियां वंश-परम्परा और राजपूतों की कुछ शाखाओं तथा घरानों के साथ उनके सम्पर्क व आपसी सम्बन्धों का भी पता चलता है।

---

१. इसका एक मुख्य कारण चारण-कुलोत्पन्न देवियों में यहां के क्षत्रियों की गहन आस्था भी था।

क्षत्रियों के साथ चारणों का अटूट सम्बन्ध रहा है इसलिये न केवल शान्ति के समय अपितु विपत्ती के समय भी वे उनके साथ रहे हैं। इस प्रकार राजनीतिक युद्ध और सन्धि-विग्रह में भी अनेक बार इस जाति के व्यक्तियों ने हाथ बटाया है। अतः क्षत्रियों के अतिरिक्त अन्य किसी जाति का दिया हुआ सांसण ये स्वीकार नहीं करते थे। इसके एक दो अपवाद ही इस ग्रंथ में मिलते हैं[1] जिससे उस समय उनकी मनःस्थिति का पता चलता है।

चारणों को दिये गये ग्राम पुश्तैनी तौर पर उनके वंशजों के पास ही रहते थे और उनसे किसी प्रकार का लगान अथवा सैनिक सेवाएँ आदि नहीं ली जाती थीं। पूर्वजों द्वारा उदक में दी हुई भूमि मे किसी प्रकार का दखल न देना उस समय की एक विशिष्ट धर्म सम्मत मान्यता थी। और उसका निर्वाह भी प्रायः सभी शासकों ने किया परन्तु राजा उदयसिंह के समय में एक अपवादस्वरूप घटना अवश्य घटी, जिसके अनुसार कुछ विशेष कारणों से उसने चारणों और ब्राह्मणों के अनेक ग्राम जब्त कर लिये थे।

इस प्रकार उस समय की इस विशिष्ट जाति की सामाजिक, आर्थिक और परम्परागत मान्यताओं का अच्छा दिग्दर्शन इस ग्रंथ मे है। चांनण खिड़िया, वारहठ आसा, दुरसा आढा, अषा वारहठ, नरहरिदास बारहठ, किसना आढा जैसे विख्यात कवियों की जीवनी पर भी इस ग्रथ से नया प्रकश पड़ता है।

चारणों के अतिरिक्त ब्राह्मण और भाट कवियों को भी ग्राम, कुए तथा जमीन आदि प्रदान की गई है उनके सम्बंध मे भी प्रामाणिक जानकारी इस ग्रंथ द्वारा मिलती है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि राठौड़ों के राज्य की यहां स्थापना से लेकर महाराजा जसवतसिंह तक के अधिकांश कवियों के सम्बन्ध में इस ग्रथ में बड़ी उपयोगी सामग्री लेखक ने सकलित की है। महाराजा जसवतसिंह तो कवि और रीति-काव्य के आचार्य थे ही, नैणसी स्वयं भी कवि था, इसलिये उसने कवियों आदि के बारे में कही-कहीं विशेष रूप से जानकारी प्रस्तुत की है जो राजस्थानी साहित्य के क्रमबद्ध विकास के अध्ययन में असाधारण महत्व रखती है।

धर्म—भारतीय संस्कृति का मूलाधार धर्म रहा है। इसलिये धर्म का निर्वाह तथा उसकी रक्षा हमारे पूर्वजों का सर्वोच्च आदर्श था। राजस्थान

---

१. द्रष्टव्य, पृ० ५३। २. पृ० ७८-७९।

के शासकों और प्रजा ने धर्म की मर्यादा की रक्षार्थ बहुत बड़े त्याग और-तपस्या का जीवन मध्यकाल में व्यतीत किया है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि मंदिरों, पवित्र तीर्थ-स्थानों, मूर्तियों और स्मारकों की रक्षा के लिये यहां के वीरों ने बड़े से बड़े बलिदान किये हैं। गौ, ब्राह्मण और स्त्री के सम्मान के लिये उन्होंने प्राणों की बाजी लगा देने में भी कभी संकोच नहीं किया। इस ग्रथ में भी नैणसी ने यथाप्रसंग ऐसी कुछ घटनाओं का उल्लेख किया है। यह पक्ष धर्म-सम्बंधी पवित्र उपकरणों की रक्षा से सम्बन्ध रखता है। परन्तु धर्म के पोषण और उत्थान के लिये उस समय किये गये रचनात्मक कार्यों का भी कम महत्व नही है। परगनों के गांवों के वृत्तांतों से प्रकट होता है कि प्रत्येक परगने में से अनेक ग्राम, कुए, खेत आदि ब्राह्मणों को दान में दिये गये थे[1] जिनका उपभोग वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी करते रहे हैं। इतना ही नहीं राठौड़ों के आगमन के पहले भी जो भूमि इस प्रकार दान करदी गई थी वह उनके वंशजों के पास से नहीं ली गई।[2] व्यक्ति विशेष के अतिरिक्त कितने ही मंदिरों और देवस्थानों के सेवा-खर्च के लिये भी गांव व भूमि प्रदान की गई। गायों के लिये जागीर की भूमि में से अनेक गांवों में गोचर-भूमि (चारागाह) छोड़ने का भी उल्लेख है[3]। सनातन धर्म के प्रति पूंर्ण श्रद्धा रखते हुए भी शासकों की धार्मिक उदारता के कुछ उदाहरण इस ग्रंथ में मिलते हैं। महाराजा जसवंतसिह (प्रथम) ने अजमेर के ख्वाजा के पीरजादे को भी मेड़ता परगने का ग्राम खांतोलाह प्रदान किया था[4], यह इसका एक प्रमाण है।

यहाँ की जनता के धार्मिक संस्कारों के निर्माण में लोक-देवताओं का भी बड़ा महत्व रहा है। लेखक ने इस प्रकार के देवताओं का उल्लेख अनेक स्थलों पर किया है। १४-१५वीं शताब्दी में अवतरित होने वाले मारवाड़ के प्रसिद्ध पांचों पीरों[5] —पावू, हड़वू(भू), रांमदे, गोगादे तथा मेहा (मांगळिया) के

१. राजस्थानी भाषा में ऐसी जमीन को डोळी की भूमि कहा गया है। २. पड़िहारो तथा चौहानो द्वारा दान में दिये गये अनेक गाँवों का उल्लेख इस ग्रंथ में है जिन्हें बाद में भी बहाल रखा गया था। दान प्राप्त-कर्ता का कोई वंशज न रहने पर या उस गांव की एवज में दूसरा ग्राम दे देने पर अथवा किसी गंभीर राजनैतिक कारण से ही इस प्रकार के गावों में कुछ रद्दोबदल हुआ है। ३. छोटे जागीरदारों तथा भोमियो के लिये ग्राम आदि दान में देना संभव नहीं था। अतः उन्होने कुआ, खेत या गोचर भूमि ही दान की है। ४. पृ० ११४ (भा. ४)

५. पावू हरभू रांमदे, गोगादे जेहा।
पांचू पीर पधारजो, मांगळिया मेहा॥

सम्बन्ध में पर्याप्त जानकारी इस ग्रंथ से मिलती है। इन पीरों के पवित्र स्थानों की सेवार्थ दिये गये गांवों का विवरण विभिन्न परगनों की विगत में यथा-स्थान किया गया है।

राजस्थान में शक्ति-पूजा की प्रधानता रही है। राजपूत जाति की प्रत्येक शाखा की कुलदेवियों[1] की महत्ता ने लौकिक जीवन को बहुत दूर तक प्रभावित किया है[2]। इन में से कुछ देवियों के मुख्य स्थान मारवाड़ के अनेक गांवों में आज भी विद्यमान हैं। इनकी स्थापना और सेवार्थ दी गई भूमि आदि का प्रामाणिक उल्लेख इस ग्रथ में मिलता है। सार्वजनिक हित के लिये कुए, तालाब, बावड़ियें आदि खुदवाना तथा मन्दिर आदि बनवाना भी बहुत बड़ा धार्मिक कार्य माना जाता था। प्रत्येक शासक, उसकी रानियां तथा राज-घरानों से सम्बन्धित व्यक्तियों व अधिकारियों द्वारा करवाये गए इस प्रकार के निर्माण-कार्यों की सूचना भी इस ग्रंथ में यथाप्रसंग दी गई है जिससे उनकी धार्मिक प्रवृत्ति और सम्प्रदाय विशेष में आस्था आदि का पता चलता है। उस समय में तीर्थ-यात्राओं का भी कितना बड़ा धार्मिक महत्त्व था और ऐसे अवसरों पर कितना दान-पुण्य किया जाता था आदि बातें भी इस ग्रंथ में वर्णित कुछ शासकों की जीवनी से ज्ञात होती हैं।

ऐतिहासिक परिवेश में प्रस्तुत इस प्रकार के निश्चित सकेत वहां के जन-जीवन में व्याप्त धार्मिक विश्वासों के मूलाधार और तत्सम्बन्धी अनेक धारणाओं का गहन अध्ययन करने मे बहुत बड़ी सहायता पहुंचाते हैं।

संस्कृति —

राजस्थान सन्त, सती और सूरमाओं का देश रहा है। जो समाज संतों द्वारा निर्देशित, सतियों द्वारा पोषित और सूरमाओं द्वारा रक्षित होता है उसकी संस्कृति निश्चय ही बेजोड़ होती है। लेखक ने अनेक सन्तों, सतियों और सूर-माओं की वास्तविक जानकारी यहाँ की धरती के संदर्भ में दी है। साथ ही यहाँ के जन-जीवन की भौतिक परिस्थितियों का भी यथातथ्य विवरण दिया है।

प्रत्येक परगने के प्रमुख कस्बे के वृत्तान्त के साथ वहाँ की आबादी की संख्या जातियों के अनुसार दी है जिससे उस समय वहां बसने वाली विभिन्न जाति के

---

१. द्रष्टव्य—चारण पत्रिका, भा० १, अंक ३-४।

२. आवड़ तूठी भाटियां, कामेही गौड़ांह।
श्री बरवड़ सीसोदियां, करनल राठोड़ांह॥

लोगों को स्थिति तथा उनके पेशों के प्रचलन का अनुमान लगाया जा सकता है।

प्रत्येक युग में आर्थिक एवम् राजनैतिक कारणों से जातियों की सामाजिक स्थित में परिवर्तन होते रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण इस ग्रंथ मे हमें मिलता है। राठौड़ों (कन्नौजिया) के आगमन के पहले यहां जिन क्षत्रिय जातियों का अधिकार था वे धीरे-धीरे उनसे परास्त होकर राजपूत समाज की साधारण श्रेणी में आ गये। राव जोधाजी ने जब मारवाड़ पर अच्छी तरह शासन कायम कर लिया और यहाँ की धरती अपने भाइयों व लड़कों आदि में बाँट कर उन्हें अलग-अलग भागों में बसा दिया तब से मारवाड़ के राज्य में उन्हीं के परिवार का राजनैतिक प्रभुत्व कायम करने के लिए दरबार में दो मिसलें कायम की गईं जिसके अनुसार बांई मिसल में उनके लड़कों और उनकी संतान को बैठने का अधिकार था और दांई मिसल में उनके भाइयों तथा उनकी संतान को बैठने का अधिकार निश्चित किया गया। यही परम्परा जोधपुर राज्य के विलीनीकरण तक बराबर चलती रही। सींधल, सांखला, कोटेचा, आसायच, ईंदा, चौहान, गोहिल, कोठेचा आदि जातियों का राजनैतिक प्रभुत्व समाप्त हो गया था[1]। अतः उनके पास जागीर भी साधारण ही रह गई थी। आगे जाकर तो विभिन्न गांवों में उनके पास भोमीचारे के खेत आदि ही रह गये और कई लोग साधारण खेतीहर राजपूत रह गये जिससे वे मुकाता आदि चुका कर या पसायता के तौर पर जागीरदार को विशिष्ट अवसरों पर चाकरी देकर कुछ जमीन अपने लिये बोते थे। गांवों के वृत्तांत में नैणसी ने इस प्रकार के पर्याप्त संकेत दिये हैं जिनसे इस बात की पुष्टि होती है।

राजपूतों की इन जातियों में से कुछ कबीलों की स्थिति और भी निम्नतर होती गई और उन्होंने जिस पेशे को अपनाया उसी के अनुसार कालान्तर में उनकी जाति निश्चित हो गई और उनके वैवाहिक सम्बन्ध राजपूतों से नहीं रहे तथा रीति-रिवाज में भी अन्तर आता गया[2]। अतः जातियों के उत्थान और पराभव के मुख्य कारणों के अध्ययन की दृष्टि से इस ग्रंथ की अपनी उपयोगिता है।

परगनों के ऐतिहासिक वृत्तांत में मुख्यतया राजपूत-समाज की तत्कालीन मान्यताओं पर प्रसंगानुसार कुछ प्रकाश मिलता है। स्वामिभक्ति, कष्ट-सहिष्णुता,

---

१. द्रष्टव्य, पृ० २३। २. द्रष्टव्य, पृ० ४१।

बैर लेने की उत्कट भावना, उदारता, वीरता, दानशीलता, स्त्री की मर्यादा, महत्त्वाकाँक्षा, धरती-प्रेम, जातीय-गौरव, यश की आकाँक्षा, स्वेच्छाचारिता, वीरगति का मोह, धर्म में आस्था, कर्त्तव्य-परायणता, वचनबद्धता आदि अनेक परम्परागत आदर्शों के उदाहरण इनमें मिलते हैं।

इनके अतिरिक्त रहन-सहन, खान-पान, शादी, बहुविवाह, पासवान-प्रथा, वेश-भूषा, राजपूत जातियों से सम्बन्ध, सती-प्रथा, कुरब-कायदे आदि विभिन्न रीति-रिवाजों और सामाजिक संस्कारों की जानकारी के लिये यह ग्रंथ उपयोगी है।

इन मान्यताओं और सस्कारों का प्रभाव यहाँ के जनजीवन पर भी बहुत पड़ा है, विशेष तौर से उन जातियों पर जिनका सीधा सम्बन्ध राजपूत जाति से रहा है और उनके सभी महत्त्वपूर्ण कार्यों में उन्होंने हाथ वंटाया है।

उस समय में प्रचलित सतीप्रथा के जो विपुल उदाहरण इस ग्रंथ में मिलते हैं वे नारी जाति की मनोदशा और संस्कारों को समझाने में बड़ी सहायता करते हैं। प्रत्येक शासक और अनेक योद्धाओं के पीछे अनेक सतियाँ हुई हैं। प्रायः शासकों की मृत्यु पर तो उसकी अनेक रानियाँ, उपपत्नियाँ, गायिकाएँ, सेविकाएँ, पत्नियों की सहेलियाँ आदि के सती होने का उल्लेख मिलता है। दूरस्थ स्थानों में पति के वीरगति प्राप्त करने की सूचना मिलने पर बिना अर्थी के भी श्मशान-भूमि में जाकर सती होने के अनेक उदाहरण इसमे मिलते हैं। वास्तव में कष्ट सहन करने तथा रणभूमि मे प्राणों को न्योछावर करने में वीरों को इन वीरांगनाओं ने बहुत बड़ी प्रेरणा दी है[1]।

मध्यकालीन राजस्थान की सस्कृति पर मुगल संस्कृति का काफी प्रभाव पड़ा है। मारवाड़ के शासकों के हाथ से जोधपुर कई बार मुगलों ने छीना और उनका राज्याधिकार यहां रहा। मारवाड़ के परगनों के इतिहास से हमे ज्ञात होता है कि प्रायः सभी परगने किसी न किसी समय में मुगलों के अधिकार में अवश्य रहे जहां मुगल साम्राज्य का सूबेदार अथवा अन्य कोई अधिकारी रहता था। ऐसे समय में वहां अनेक मस्जिदें बनी, मुसलमान लोग स्थायी तौर से यहां बसने लगे और यहाँ की जातियो के सम्पर्क मे आए तथा अनेक क्षत्रिय व क्षत्रियेतर जातियों के लोगों ने किसी न किसी कारण से मुसलमान धर्म भी अंगीकार किया। जनगणना के आंकिक विवरण देखने से यह बात भली भांति स्पष्ट हो जाती है।

---

१. राव मालदे की फौज ने जब सीवाने का किला घेर लिया और राणा डूंगरसी घबरा गया तब उसके सामन्त मदा मेरावत की स्त्री ने अपने पति से कहा कि तूं किला प्राणोत्सर्ग करके फिर दे। मदा ने यही किया और पत्नी सती हुई। पृ० २१६ (भा० २)।

मुगल संस्कृति का सबसे अधिक प्रभाव यहाँ के शासक वर्ग पर पड़ा। राजनैतिक कारणों से उनका निरन्तर सम्पर्क मुगल सम्राटों तथा उनके उच्च अधिकारियों से रहता था। अकबर ने अपनी व्यवहारकुशलता से राजस्थान के अनेक राजघरानों के साथ वैवाहिक सम्बन्ध कायम किए और यह परिपाटी अनेक पीढ़ियों तक चलती रही। इन सब कारणों से शासकों के राजसी ठाट-बाट, वेश-भूषा, खान-पान पर सब से पहले प्रभाव पड़ा और फिर बहुविवाह, राज्य-प्राप्ति व राज्य-विस्तार के लिए प्रियजनों से छलाघात, ऐश्वर्यप्रियता, धन-लोलुपता, क्रूरता आदि दुर्गुण भी उनके चरित्र को अधिक प्रभावित करने लगे।

मुगल सम्राटों की भाषा फारसी थी। औरंगजेब के राज्य-काल तक भी फारसी साम्राज्य के काम-काज की प्रमुख भाषा रही इसलिए यहाँ के शासकों तथा राज्याधिकारियों को भी यह भाषा अपनानी पड़ी। यहाँ के राज्य-कार्य में भी फारसी को महत्व मिला जिससे यहां की मूल भाषा मारवाड़ी अथवा राजस्थानी पर भी इस भाषा का पर्याप्त प्रभाव पड़ा। उस समय की राजकीय पत्रावली, बहियों, ख्यातों, बातों, कविता तथा प्रशासनिक ब्यौरों में यह प्रभाव देखा जा सकता है। इस ग्रंथ में आए हुए राज्यव्यवस्था तथा राजस्व सम्बन्धी विवरणों में फारसी की शब्दावली का आधिक्य भी इस बात का एक प्रमाण है[1]।

यहाँ की कलाओं पर भी उक्त संस्कृति का प्रभाव पड़ा है जो उस समय के शासकों द्वारा निर्मित भवनों व अन्य कलाकृतियों को देखने से स्पष्ट हो जाता है। इस ग्रंथ में भी स्थापत्य कला सम्बन्धी कुछ उद्धरण इस दृष्टि से विचारणीय हैं।

यह सब कुछ होते हुए भी भारत के इस भू-भाग की जन-संस्कृति पर मुगल सस्कृति का प्रभाव उत्तरी भारत के अन्य प्रान्तों की अपेक्षा बहुत कम पड़ा है। इस ग्रंथ में वर्णित यहां के प्राचीन रीति-रिवाज, उत्सव, पर्व, धार्मिक संस्कार, भक्तों-संतों तथा चारण कवियों की वाणी का प्रभाव और संस्कृति के लिए चुकाए जाने वाले मूल्य इस तथ्य की भली भाँति पुष्टि करते हैं। साम्राज्य-वाद और धर्मान्धता के झंझावात की विकट परिस्थिति में भी धरती, धर्म और संस्कृति की रक्षा उस समय के लोगों ने की है। अतः वह हमारी संस्कृति के इतिहास का कम गौरवपूर्ण काल नहीं है।

---

१. फारसी और उर्दू शब्दावली-प्रधान भाषा का यहाँ के राजकीय कार्यों में अंग्रेजों के शासनकाल में भी अधिक प्रयोग था। सर्वप्रथम सर प्रताप ने मारवाड़ी को उसके स्थान पर प्रधानता दी।

भाषा और शैली

नैणसी ने यह ग्रंथ विशुद्ध मारवाड़ी में लिखा है जिसे पश्चिमी राजस्थानी कहा जा सकता है। आधुनिक भारतीय भाषाओं की गद्य-परम्परा में प्राचीनता की दृष्टि से राजस्थानी का विशिष्ट महत्व है। भाषा की सम्पन्नता उसके प्रयोग के विभिन्न रूपों में देखी जा सकती है। प्राचीन गद्य की अनेक साहित्यिक व ऐतिहासिक विधाएँ राजस्थानी में उपलब्ध होती हैं। टीका, (इसके अनेक भेद हैं) अनुवाद, वचनिका, दवावेत, बात, ख्यात, पीढ़ी, वंशावली, विगत, हकीकत, खत, पट्टा, परवाना, रुक्का, लेख, याददास्त आदि रचनाएँ आज भी प्राचीन ग्रंथागारों में उपलब्ध हैं। राजस्थानी भाषा का वैज्ञानिक अनुशीलन इन रचनाओं के अध्ययन के बिना सम्भव नही है।

नैणसी की ख्यात तथा प्रस्तुत विगत १८वीं शताब्दी के प्रथम चरण में लिखी गई हैं। अतः मध्यकालीन राजस्थानी गद्य का अध्ययन इनके आधार पर किया जा सकता है।

नैणसी के उक्त दोनों ग्रंथ इस बात के प्रमाण हैं कि वह अपने समय में राजस्थानी गद्य के सर्वोत्कृष्ट लेखकों मे था। यद्यपि साहित्य-रचना करना उसका उद्देश्य नहीं था परन्तु उसने बड़ी सधी हुई टकसाली राजस्थानी भाषा का प्रयोग अपनी लिखावट में किया है। भाषा में कितने ही परम्पराबद्ध प्रयोग होते हुए भी वह बोधगम्य है तथा व्यावहारिक होते हुए भी उसमे स्खलन व लचरपन दृष्टिगोचर नहीं होता। भाषा की स्वाभाविकता भी उसका बहुत बड़ा गुण है। उसने तत्सम, तद्भव तथा अरबी फारसी के शब्दों का स्वाभाविक रूप में प्रयोग किया है। किसी भी स्थल पर ऐसा नही प्रतीत होता कि किसी शब्द को उसने सप्रयत्न रखा हो। ग्रंथ विवरणात्मक ही अधिक है और उसमें भी आंकिक विवरण की प्रधानता है। राजस्व और प्रशासन सम्बन्धी शब्दावली की भी इसमें अधिकता है जिस पर फारसी भाषा का पर्याप्त प्रभाव है। परन्तु फारसी के शब्दों का राजस्थानी में आकर किस प्रकार रूप-परिवर्तन हो गया इसके सुन्दर उदाहरण इस ग्रंथ में मिलते हैं। इस प्रकार के शब्दों की बहुलता नैणसी की ख्यात में भी है परन्तु मारवाड़ के भूगोल, खेती-बाड़ी, जमीन की नाप-जोख, कर-व्यवस्था, फसले तथा प्रकृति सम्बन्धी शब्दावली का ऐसा समृद्ध प्रयोग शायद ही किसी ग्रंथ में मिले। इनमें भी जो आंचलिक शब्दावली का प्रयोग लेखक ने किया है वह विशिष्ट महत्व रखता है क्योंकि उस समय के अन्य ग्रंथों मे ऐसे प्रयोगों का मिलना कठिन है।

उपयुक्त स्थानों पर कहावतों और मुहावरों का प्रयोग करने में भी लेखक बड़ा निपुण है जिससे उसकी वर्णनात्मक शैली में भी सर्वत्र निखार आ गया है। युद्ध-वर्णन और संवादात्मक शैली के स्थलों में विशेष सजीवता है जिसमें लेखक का विस्तृत लौकिक ज्ञान और उस समय का सामाजिक वातावरण झांकता है।

गांवों के वृत्तांत में वाक्यों की संक्षिप्तता और नपी-तुली शब्दावली का प्रयोग शब्दों की मितव्ययता को प्रकट करता है। इस ग्रथ की विशिष्ट पारिभाषिक शब्दावली न केवल भाषा विज्ञान[1] के विद्वानों के लिए अपितु समाजशास्त्रियों के अध्ययन के लिए भी पर्याप्त सामग्री प्रस्तुत करती है।

ग्रंथ-लेखक के साधन

नैणसी ने इस ग्रथ को तैयार करने में अनेक ज्ञात-अज्ञात साधनों का उपयोग किया है। इन साधनों को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है—

पौराणिक—परगनों के इतिहास में मुख्य कस्बे की प्राचीनता को प्रतिपादित करने के लिये पौराणिक कथाओं का उपयोग किया गया है जो जनश्रुतियों में घुलमिल कर अपना मूल रूप खो चुकी हैं।

ऐतिहासिक—नैणसी इतिहास का विद्वान था, अतः वह ऐतिहासिक साधनों का मूल्य भली भाँति जानता था। साथ ही तथ्यों की प्रामाणिकता की परीक्षा करने का भी उसे अच्छा अभ्यास था। उसने इस ग्रंथ मे वर्णित प्राचीन इतिहास की जानकारी जिन वस्तुओं से प्राप्त की उनमें से कुछ का उल्लेख किया है। इनमें शिलालेख, पुराने राजकीय लेखागार, ख्यातें (जूनी बहियें) तथा कानूनगोओं के पास सुरक्षित प्राचीन विवरण आदि मुख्य हैं। इनके अतिरिक्त ताम्र-पत्र, पट्टे, परगनों के हाकिमों के लेखागार, भाटों व बड़वों की वंशावलियाँ तथा प्राचीन साहित्यिक ग्रंथ तथा स्फुट काव्य-कृतियों से भी पर्याप्त सहायता उसने ली होगी।

किंवदंतियों का भी कहीं-कहीं सहारा लिया गया है। एक ही घटना के बारे में अन्य मत व्यक्त करते समय प्रायः उसने लिखा है—'एक बात यूं सुणी छै।'

समसामयिक—महाराजा जसवंतसिंहजी के समय का ऐतिहासिक वृत्तान्त लेखक ने विस्तार से दिया है। इस काल मे वह स्वयं अनेक घटनाओं का प्रत्यक्षदर्शी

---

१. इस ग्रंथ का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करना यहां अभीष्ट नही है अतः कुछ मूल विशेषताओं के सकेत मात्र दे दिए गए है।

था तथा कई युद्धों तथा महत्त्वपूर्ण कार्यों में उसने स्वयं भाग लिया था अतः उस समय की बहुत-सी घटनाएं अपनी निजी जानकारी के आधार पर ही लिखी हैं।

जहाँ तक गाँवों के आंकिका विवरण आदि का प्रश्न है उसने यह जानकारी प्रत्येक परगने के हाकिमों के मारफत, कानूनगोओं, तफेदारों, जागीरदारों, मुनीमों आदि के द्वारा शामिल करवाई होगी और उसकी प्रामाणिकता के लिये दीवान के कार्यालय के रेकार्ड से भी मिलान किया होगा। नैणसी ने मारवाड़ की दीवानगी काफी लम्बे समय तक की और उसके पहले वह कई परगनों की हाकिमी कर चुका था। अतः उसे मारवाड़ के हर भाग में भ्रमण के पर्याप्त अवसर मिले हैं। जिससे अनेक कस्बों और गांवों सम्बंधी तथ्यों का प्रत्यक्ष सत्यापन करने की भी सहूलियत उसे थी। इस प्रकार उसने संकलित सामग्री को और अधिक प्रामाणिक रूप दिया होगा।

नैणसी का पिता जयमल महाराजा गजसिंह के समय राज्य के प्रमुख अधिकारियों में था। उसने कई परगनों की हाकिमी की थी तथा बाद में दीवान के पद तक पहुच गया था[1]। अतः बहुत सम्भव है नैणसी ने अपने पिता के साथ रह कर भी बचपन व किशोर अवस्था में मारवाड़ संबंधी अनेक प्रकार की जानकारी प्राप्त की होगी। अनेक गाँवों और कस्बों से वह उसी समय परिचित हो गया होगा तथा उस समय के लोगों से सुनी हुई बातों ने भी आगे जाकर उसे सहायता पहुंचाई होगी।

नैणसी का भाई सुन्दरसी भी अपने समय का महत्त्वपूर्ण व्यक्ति रहा है। वह भी इतिहास-प्रेमी[2] और कवि था। अनेक परगनों मे उच्च पदों पर उसने काम किया था और कई युद्धों में भाग लिया था अतः उसकी जानकारी से भी नैणसी ने लाभ उठाया ही होगा।

ग्रंथ का महत्त्व

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि यह ग्रंथ मारवाड़ के इतिहास, भूगोल, खेती, जनगणना, गांवों की स्थिति, सेना, युद्ध, राज्य-व्यवस्था, प्रशासन, राजस्व-नीति, व्यापार, साहित्य, भाषा, धर्म, संस्कृति, मुगलों का प्रभाव आदि अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों की प्रामाणिक जानकारी देने वाला है।

---

१. ओझा—मुहणोत नैणसी की ख्यात—(भूमिका—वंश-परिचय) पृ० २।
२. द्रष्टव्य—ऐतिहासिक बातां (परम्परा) सं० नारायणसिंह भाटी।

अद्यावधि नैणसी का यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विशाल ग्रंथ अज्ञात था। मैंने इस ग्रंथ का उल्लेख सर्वप्रथम डॉ० टैसीटरी की ग्रंथ-सर्वेक्षण रिपोर्ट[1] में देखा था। वैसे इस ग्रंथ का उल्लेख मुंशी देवीप्रसाद, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, कालिका-रंजन कानूगो[2] आदि विख्यात विद्वानों ने भी किया है। पर उन विद्वानों में से किसी ने भी इसका विस्तृत परिचय नहीं दिया। राजस्थान के इतिहासकारों में से किसी भी इतिहासकार ने अपनी पुस्तक में इतने महत्त्वपूर्ण ग्रंथ का संदर्भ के तौर पर भी उपयोग नहीं किया। केवल ओसवाल जाति के इतिहास में नैणसी का परिचय देते समय इसके अल्प अंश का उदाहरण मात्र दिया है।

अतः मेरा यह अनुमान है कि यह पूरा ग्रंथ इनमें से किसी भी इतिहासकार को प्रयत्न करने पर भी उपयोग के लिये उपलब्ध नहीं हुआ। ओझाजी ने नागरी प्रचारिणी सभा से प्रकाशित नैणसी की ख्यात की भूमिका में इस ग्रंथ का उल्लेख करते हुए इसे भी महत्त्वपूर्ण कृति बतलाया है परन्तु यह ग्रंथ उन्होंने किस संग्रह में देखा इसका उल्लेख नहीं किया। उनके निजी संग्रह में इस ग्रंथ के होने की संभावना नहीं है क्योंकि उनके संग्रह में यह ग्रंथ होता तो जोधपुर के इतिहास में इसका उपयोग वे अवश्य करते।

नैणसी की ख्यात की भी प्रतिलिपियां बहुत कम उपलब्ध होती हैं। परन्तु इस ग्रंथ की प्रतियाँ तो कुछ वर्षों पहले अलभ्य-सी ही थी।

ऐसा प्रतीत होता है कि इस ग्रंथ की न केवल एकेडेमिक उपयोगिता थी वरन् जागीरदारों के गाँवों सम्बन्धी आपसी झगड़ों, सीमा-विवादों तथा दान में दी हुई भूमि के विवादों को निबटाने में तथा करों की वसूली में यह ग्रंथ राज्य में प्रामाणिक माना जाता होगा। इसलिये जिस किसी घराने के पास इसकी प्रति होती थी उसका बड़ा महत्त्व होता था और उसके लिये यह आमदनी का जरिया भी रही हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। अतः इसकी इनीगिनी प्रतियों के मालिक किसी अन्य व्यक्ति को इसकी प्रतिलिपि नहीं करने देते होंगे क्योंकि अधिक प्रतिलिपियां हो जाने पर उनका एकाधिकार समाप्त होने का भय था।

मुंशी देवीप्रसादजी ने नैणसी को राजपूताने का अबुल फज्ल कहा करते थे[3]। ओझाजी भी मुंशीजी के कथन से सहमति प्रकट करते है[4]। अबुल फज्ल अपने

---

1. A Descriptive Catalogue of Bardic and Historical Mss. Part I, (Jodhpur) Page 48.
2. Studies in Rajput History, Page 88.
३. ओझा—मुहणोत नैणसी की ख्यात, (वंश-परिचय) पृ० ७। ४. वही।

समय का सबसे बड़ा इतिहासकार माना जाता है। उसने अकबरनामा जैसे विशाल ग्रंथ मे तैमूर-वंश का पूरा इतिहास तथा यहाँ मुगल राज्य की स्थापना के बाद शासकों की उपलब्धियो का विस्तृत वृत्तान्त है। आइने अकबरी इसी ग्रथ का तृतीय भाग है, जिसमें अकबर के राज्यकाल के विषय में धर्म, राजनीति, प्रशासन, राज्य के महकमे, साम्राज्य के सूबों का प्रबन्ध, उनकी आमदनी, कर-व्यवस्था, सैनिक-व्यवस्था आदि कितनी ही सूचनाएँ विस्तार के साथ दी गई हैं। अबुल फज्ल को अकबर जैसे महान् सम्राट का प्रश्रय प्राप्त था और उसके पास यह ग्रथ लिखने के लिये इच्छानुकूल साधन थे। लेखक फारसी का अच्छा विद्वान था तथा इतिहास लेखन-कला में बड़ा निपुण था। परन्तु जब हम नैणसी और अबुल फज्ल की तुलना करते हैं तो दोनों में बहुत अन्तर प्रतीत होता है। अबुल फज्ल के ग्रंथ का विषय-विस्तार नैणसी से कही अधिक है। फिर दोनों की परिस्थितियों में बड़ा अन्तर है। अबुल फज्ल ने अपने ग्रंथ की रचना सम्राट् के आश्रय में रह कर सम्राट् के लिये की थी परन्तु नैणसी ने अपने ग्रन्थों का निर्माण स्वान्तः सुखाय किया था। इसलिये दोनों के दृष्टिकोण में बड़ी भिन्नता है। अबुल फज्ल के पास कई ग्रंथों का अध्ययन करने तथा उन पर मनन करके यथोचित ढंग से उपयोग करने के लिये पर्याप्त समय था परन्तु नैणसी को राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में सदा व्यस्त रहना पड़ता था। अतः दोनों लेखकों के कृतित्व में मूल-भूत अन्तर होना स्वाभाविक है। इसीलिये उनकी रचनाओ की तुलना करना वसे न्यायसंगत नहीं हैं। परन्तु नैणसी का प्रयास आंचलिक महत्त्व का होते हुए भी अपनी कुछ विशेषताएँ रखता है जिनका अबुल फज्ल में अभाव है। अतः उन पर संक्षेप में यहाँ विचार किया जा रहा है—

१. अबुल फज्ल ने ग्रंथ की जो विस्तृत योजना बनाई थी और जिस देश के बारे में वह जानकारी प्रस्तुत कर रहा था उसकी मुख्य भाषा संस्कृत से वह अनभिज्ञ था इसलिए अनेक बातों को गहराई में वह नहीं जा सका[1]। परन्तु नैणसी अपने इतिहास के क्षेत्र की भाषा और संस्कृति से पूर्णतया परिचित था इसलिए उसने अनेक तथ्यों की गहराई को छुआ है।

२. अनेक इतिहासकार अबुल फज्ल पर यह दोषारोपण करते हैं कि उसने जिन ग्रथों में से सामग्री ली है उनका उल्लेख नही किया[2]।

---

1. Col. JARRETT, AIN-I-AKBARI, Vol. III (Revised), Page VIII. २. वही।

कहीं-कहीं पर तो उसने दूसरे लेखकों के विचारों को ऐसा आत्मसात करके अपनी शैली में गुंफित कर दिया है कि बड़े से बड़े विद्वान के लिए यह पता लगाना कठिन हो जाता है कि लेखक किस ग्रंथ के आधार पर यह बात कह रहा है। परन्तु नैणसी ने प्रायः अनेक स्थलों पर सहज भाव से साधनों की सूचना दे दी है जिससे उसके वृत्तान्तों के मूल्यांकन में सहायता मिलती है। साथ ही लेखक की ईमानदारी भी प्रकट होती है।

३. कुल मिला कर कर्नल जेरेट ने अबुल फज्ल द्वारा दिए गए अकबर-कालीन भारत के विभिन्न सूबों की आमदनी, फसलों और जमीन की पैमाइश आदि को पूरे ग्रथ का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग माना है[1]। परन्तु नैणसी द्वारा प्रस्तुत ग्रंथ मे दी गई जानकारी की तुलना जब अबुल फज्ल के उक्त सर्वेक्षण से करते हैं तो पता चलता है कि अबुल फज्ल का सर्वेक्षण वैज्ञानिक होते हुए भी बड़ा सक्षिप्त व केवल आंकिक है। नैणसी ने मारवाड़ के प्रत्येक गांव तक का विवरण प्रस्तुत किया है और उसमें भी वैज्ञानिक प्रणाली को यथासंभव निभाया है। इतना ही नहीं नैणसी ने सम्पूर्ण ग्रंथ को जिस ऐतिहासिक सामग्री से सम्प्रक्त किया है और जन-जीवन से सम्बन्धित तथ्य इस ग्रंथ मे प्रकट किए हैं अबुल फज्ल में प्रायः उनका अभाव है।

४. अबुल फज्ल राज्याश्रय में रह कर अपने विचारों को पूर्ण स्वतंत्रता के साथ व्यक्त नहीं कर सकता था। वह अपने इतिहास-लेखन और सर्वेक्षण में सर्वत्र अल्लाह और सम्राट की दुहाई देना नहीं भूलता तथा अवसर मिलते ही हर नई बात के लिए दार्शनिक आदर्शवादिता की भूमिका बांधने से नहीं चूकता। इस प्रकार की बातें चाहे जितनी सारगर्भित और सदुपयोगी हों इतिहास के वैज्ञानिक अध्ययन-क्रम में बाधा पहुचाती हैं। नैणसी की स्थिति इससे ठीक विपरीत है। उसने अपने इतिहास मे राजस्थान के लगभग समस्त राजवंशों का इतिहास बिना किसी पूर्वाग्रह अथवा पक्ष-पात के लिखा है। यहां तक कि प्रस्तुत ग्रन्थ के ऐतिहासिक वृत्तांत में अपने स्वामी के राजवश का यथातथ्य विवरण देने का ही प्रयत्न किया है। परगनों की विगत में भी जिस सहज अपनत्व के साथ संक्षिप्त किन्तु सार-गर्भित शैली उसने अपनाई है उसका उदाहरण अन्यत्र मिलना कठिन है।

---

१. वही—Page IX.

यद्यपि अबुल फज्ल का बहुत बड़ा महत्त्व उसकी विद्वत्ता और प्रेषणीयता के कारण है तथापि नैणसी की उपर्युक्त विशेषताओं के कारण ही श्री कालिकारंजन कानूगो के इस कथन से हमें सहमत होना पड़ता है—'Libraries and Royal Patronage may produce an Abul Fazal but not a Nainsi'.[1]

हस्त प्रतियां व सम्पादन

इस ग्रंथ का सपादन दो प्रतियों के आधार पर किया गया है। दोनों ही प्रतियां राजस्थानी शोध सस्थान चौपासनी के संग्रह विभाग (ख्यात प्रकोष्ठ) में सुरक्षित हैं। प्रतियों का परिचय निम्न प्रकार है—

क. संज्ञक प्रति (आदर्श प्रति)

पत्र संख्या[2]—३६२
लिपि काल—१८ वीं शताब्दी (विक्रम) का मध्य
लिपि—सुवाच्य मारवाड़ी (एक ही व्यक्ति की लिखी हुई)
आकार—१२"×९¼"
पंक्ति संख्या—२० से २३ तक
अक्षर संख्या— १८ से २२ तक

ख. सज्ञक प्रति[3]

पत्र सख्या—४५९
लिपि काल—२० वीं शताब्दी (विक्रम) का पूर्वार्द्ध
लिपि—मारवाड़ी (एक ही व्यक्ति की लिखी हुई)
आकार—१३½"×१०"
पक्ति सख्या—२० से २८ तक
अक्षर सख्या—२० से ३० तक

---

१. Studies in Rajput History, Page 94.

२. इसके सभी पत्र खुले हुए तथा अलग-अलग है। कुछ पत्र खण्डित भी है।

३. यह प्रति वही है जिसका उल्लेख डा० टैसेटरी ने 'A descriptive catalogue of Bardic and Historical manuscripts' part I (Jodhpur) में किया है। मूल ग्रंथ के प्रारंभ से पहले १२ पृष्ठों में हिंदू उमरावों के मनसब आदि की विगत तथा नागौर का सक्षिप्त वृत्तात है। पत्र ४५३ से ४५९ तक जोधपुर सम्बधी कुछ स्फुट विगत है। इनमें से आवश्यक अश भाग २ के परिशिष्ट में प्रकाशित किये जायेंगे।

इन दोनों प्रतियों में से 'क' प्रति को आदर्श प्रति मान कर 'ख' प्रति का उपयोग पाठान्तर लेने में किया है। दोनों प्रतियों में कही-कहीं बिलकुल समानता है, यहाँ तक कि 'क' प्रति में कई स्थलों पर रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं वह वृत्तांत 'ख' प्रति में नहीं मिलता। परन्तु दोनों में पर्याप्त भिन्नता भी है जिससे महत्वपूर्ण पाठ-भेद भी पाया जाता है। 'ख' प्रति में अनेक गांवों तथा व्यक्तियों के सम्बन्ध में अतिरिक्त जानकारी मिलती है। आंकिक तालिकाओं में भी कहीं-कहीं अंतर है तथा कुछ गांवों तथा व्यक्तियों की सूचियों के क्रम में भी भिन्नता है।

जहाँ तक पाठान्तर ग्रहण करने का प्रश्न है पाठान्तर के लिए ही पाठान्तर निकालने की प्रणाली मैंने नहीं अपनाई है परन्तु यथासम्भव आवश्यक पाठान्तर लेने का प्रयत्न अवश्य किया गया है। अर्द्ध विराम, विराम, अनुच्छेद आदि आवश्यकतानुसार लगा दिए हैं जो मूल में प्राय: नहीं थे।

लिपिकर्ता ने व और ब के भेद के सम्बन्ध में किसी निश्चित नीति का अनुसरण नहीं किया है, यथा—विनायक : बिनायक, वड़लो : बड़लो, वरसाळी बरसाळी आदि। प्राचीन राजस्थानी में दोनों ही रूप प्रचलित हैं अत: ऐसे शब्दों के दोनों ही रूपों को अपनाया है। इसी प्रकार एक ही गांव तथा व्यक्ति के नामों में भी कहीं-कही अन्तर पाया जाता है उन्हें इतने बड़े ग्रंथ में सर्वत्र एकरूपता प्रदान करना व्यावहारिक दृष्टि से सम्भव नही था।

राजस्थानी के प्राचीन ग्रथों में लिपिकार प्राय: ल और ळ में लिखते समय भेद नहीं करते यद्यपि दोनों के उच्चारण में अन्तर है। इसी प्रकार अनुस्वार तथा ह्रस्व-दीर्घ के प्रयोग में भी सतर्कता नहीं बरतते। यदि लिपिकार की इन त्रुटियों को ज्यों का त्यों अपना लिया जाय तो पाठक को कठिनाई तो बढ़ती ही है कई शब्दों के तो अर्थ ही बदल जाते हैं। अत: सम्पादक को ऐसी कुछ शुद्धियां करने का अधिकार लेना पड़ा है।

यह ग्रन्थ साहित्य की सामान्य विधाओं से भिन्न कोटि का है तथा इस प्रकार के अन्य ग्रंथ भी उपलब्ध नहीं होते। अतः इसके सम्पादन में अनेक प्रकार की नई समस्याएँ भी सामने आई हैं जिनका समाधान खोजने का यथाशक्य प्रयास किया गया है।

आदर्श प्रति के कुछ पत्र त्रुटित थे, उनके स्थान पर केवल 'ख' प्रति के पाठ का उपयोग करना पड़ा है, ऐसे स्थलों को कोष्ठकों द्वारा चिन्हित [ ] कर दिया गया है।

परिशिष्ट में जोधपुर तथा कुछ अन्य स्थानों पर बनी हुई प्राचीन इमारतों, मंदिरों तथा जलाशयों-सम्बन्धी उपलब्ध जानकारी इस भाग के साथ समाहित करदी गई है, जो इस परगने के अध्ययन में सहायक सिद्ध होगी[1]।

सम्पादन में यथोचित सतर्कता बरतने पर भी ग्रंथ के विषय-वैशिष्ट्य तथा वृहदाकार को देखते हुए सम्पादन-प्रकाशन सम्बन्धी कुछ त्रुटियों का रह जाना असभव नही है, अतः मैं विज्ञ पाठकों से इसके लिये क्षमाप्रार्थी हूँ।

मुझे इस ग्रंथ का सम्पादन करने का आदेश मुनि जिनविजयजी महाराज ने कोई तीन वर्ष पहले दिया था। उन दिनों 'मुहणोत नैणसी री ख्यात' का प्रकाशन-कार्य समापन पर था[2] अतः मुनिजी की यह इच्छा थी कि उसी लेखक की यह दूसरी कृति भी शीघ्र ही प्रकाशित हो कर इतिहास-प्रेमियों के सम्मुख आ जाय। प्रतिष्ठान के तत्कालीन उपसंचालक श्री गोपालनारायणजी बहुरा ने भी इस कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कर देने के लिये मुझे प्रोत्साहित किया परन्तु कार्याधिक्य के कारण इस काम के लिये मैं कुछ महीनों तक निजी समय नहीं निकाल पाया। जब मैंने इस कार्य को हाथ मे लिया तो सब से पहले प्राचीन प्रति के अस्तव्यस्त पत्रों को व्यवस्थित करने में मुझे बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। यद्यपि इस कार्य में दूसरी प्रति बड़ी सहायक सिद्ध हुई, फिर भी यह कार्य समय-साध्य था। इस कार्य में मेरे मित्र श्री सौभाग्यसिंह शेखावत यदि अपना कुछ समय निकाल कर मेरी सहायता नही करते तो इसी उधेड़-बुन में कुछ समय और निकल जाता।

प्रकाशन-कार्य प्रारम्भ होने के पश्चात भी अनेक अंतर्बाह्य कारणों से प्रथम भाग के प्रकाशन में कुछ विलंब हो गया है। दूसरा भाग शीघ्र ही पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत हो सके इसके लिये प्रतिष्ठान प्रयत्नशील है।

इस ग्रंथ के प्रकाशन में प्रतिष्ठान के वर्तमान निदेशक श्रद्धेय डॉ० फतहसिंहजी ने पूर्ण रुचि लेकर मुझे प्रोत्साहित किया तथा प्रकाशन विभाग के अधिकारीगण सहृदयतापूर्वक अपना सहयोग देते रहे हैं, जिसके लिये मैं इन सभी महानुभावों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

---

१. परिशिष्ट की यह सामग्री शोध-संस्थान में संकलित 'रीत किरियावर की बही' तथा 'विविध संग्रह' नामक ग्रथों से ली गई है। २. सम्पादनकर्ता श्री बदरीप्रसाद साकरिया।

साधना प्रेस के व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक का भी मैं आभारी हूँ जिन्होंने बड़ी तत्परतापूर्वक इस ग्रंथ के प्रूफ-संशोधन में अपना मूल्यवान सहयोग दिया है।

चौपासनी, जोधपुर,
स्थापना, २३-६-६८

नारायणसिंह भाटी

मुहता नैणसी री लिखी

मारवाड़ रा परगनां री विगत

श्री गणेसाय न्मांः ॥ श्री म्हामाई जी सदा सहाय श्री परमेसर ॥

(१) वात परगनै जोधपुर री

१. आदि सहर[1] मंडोवर थौ। सासत्र माहे नै पदमपुरांण माहे वात छै। भोगसील[2] परवत मेर रो बेटौ कहै छै। तिण रौ भोगसील माहातम घणौ कह्यौ छै। माडलेस्युर[3] माहादेव, नागाद्रीह[4] नदी, सुरेजकुंड रो घणो महातम वषाणीयो छै।

२. मंडोवर सहर री आदि थापना मंदोदर दईत[5] री कीवी छै। इण ठोड़ मंदोदर री बेटी रावण दईत लंका रै धणी परणी छै। तिण रा आरष चंवरी रा अजेस[6] छै। तठा पछै मंडोवर केईक दिन पंवारां रै रह्यो छै। धरणीवाराहा वडौ राजा बाहड़मेर हुवौ छै। तिण आप रौ भाई सांवत नुं भाईवांटै दीयौ छै। सांवत मंडोवर भोगव्रीयौ[7] छै। तिण री साष[8] रौ कवत :—

मंडोवर सांवत हुवौ, अजमेर सिंध सु।
गढ़ पुंगळ गजमल हुवौ, लुद्रवै भांण भु॥
जोगराज[1] धर धाट हुवौ, हासु पारकर।
अल्ह पाल्ह अरबद, भोजराज जालंधर॥
नव कौटि किराडू सु जुगत, थिर पंवारा हर थापिया।
धरणीवाराह धर भाईयां, कोट वांट जु जु[9] किया॥

---

१. जुगराज

---

1. शहर। 2. भोगिशैल। 3. मंडलेश्वर। 4. नागह्रदी। 5. दैत्य। 6. अभी तक। 7. भोगा, राज्य किया। 8. साक्षी, ऐतिहासिक घटना पर लिखे गये स्फुट काव्य को डिंगल में साख री कविता के नाम से अभिहित किया गया है। 9. अलग-अलग।

३. तठा पछै किण ही समै पंवारां सु मंडोवर छूटौ। पड़ीहारां नै मंडोवर हुवो । तिण माहे नाहड़राव नागारजन रौ बेटौ, वडो रजपूत हुवो। मंडोवर घणौ कमठौ[1] सारो नाहड़राव रौ संवरायो[2] थौ। नाहड़राव री मंडोवर वडी वार वार[3] कही।[१]

नाहड़राव पड़िहार री पीढीयां ....यारै[२] भाट लिषाई।

१. राजा दसरथ	२. राजा रथ[३]
३. जीर्णं बंध	४. विजैपाळ
५. अजगंध[४]	६. अजैपाळ
७. वडोवेण	८. नागाअरजन
९. नाहड़राव	१०. महणसी[५] राजा प्रीथीराज चहुवाण रै सांवत हुवो।

४. नाहड़राव मंडोवर धणी[4] छै। घणी धरती नाहड़राव रै छै। चहुवाण प्रीथीराज सोमेसर रौ बेटौ, दिल्ली धणी छै। नाहड़राव रै बेटी कंचनमाळा एक छै, सु प्रीथीराज सुं सगाई की छै। पछै नाहड़राव रै कांई मन मैं आई छै – हूं बेटी प्रीथीराज नुं नहीं देऊं। जिको आदमी सगाई करण गयौ हुतो तिण घणौ ही पालीयौ[5], कहौ — लाय इसड़ी न छै जिका दीवी ले जोईजै।[6] पिण नाहड़राव कहै—प्रीथीराज मांहे दस षोड़[7] छै। इण नुं बेटी नहीं देऊं। तरै अदावद[8] हुई। प्रीथीराज कुंवरपदै थको अजमेर सुं चढ ऊपर आयौ। प्रीथीराज रा डेरा गीररी हुआ, नाहड़राव रा डेरा पाटवै सोभत रै डूलवाळे हुआ।\ तिण दिन एक वडी वेढ़[9] हुई। चांगवाळा मेर नाहड़राव रै परवत चाकर थौ उण वडी वेढ कीवी। आदमी ५०० सुं मेर परवत कांम आयौ।[10] दूजै दिन

---

१. वाहर वुही। २. नीलीयां रै। ३. भारथ। ४. अजघष। ५. मोहण सी।

---

1. भवन-निर्माण कार्य। 2. संवारा हुआ। 3. प्रसिद्धि। 4. मालिक, पति। 5. मना किया। 6. यह कोई साधारण व्यक्तित्व वाला आदमी नहीं है। 7. दोष, कमियां। 8. दुश्मनी। 9. युद्ध। 10. वीरगति को प्राप्त हुआ।

प्रीथीराज चहुवाण नै नाहड़राव मैदान बुहार लड़ीया ।[1] घाव ११ चहुवाण प्रीथीराज रै लागा नै नाहड़राव रौ घणौ साथ मराणौ । वेढ प्रीथीराज जीती । नाहड़राव भागो । तरै वळे नाहड़राव पुज न सकै ।[2] तरै वीच आदमी फेर भेळा कीया, बेटी दी । घावे लागे ही जे[3] प्रीथीराज उण डेरै परणीयौ । नाहड़राव आय पगे लागो[4], चाकर हुवौ । नै बेटा दोय नाहड़राव रा चाकर कर साथे लीया ।[1] प्रीथीराज फिर अजमेर डोळौ ले गयौ ।[5] नाहड़राव रा बेटा २ प्रीथीराज रा सांवत हुआ—१ पड़ीहार मोहणसी राजा झालीयो तद कांम आयौ । २ पड़ीहार अल्ह कनोज री वेढ में कांम आयौ, माथो वाढ[6] प्रीथीराज नुं गुदराय[7] लड़ीयौ ।

५. नाहड़राव रौ भाई पीपो पिण सांवत हुवौ छै । एक वार पीपो पड़िहार पातसाहि साहिबदी झालीयो[8] छै । तठा पछै एक वार ...[२] भीमदे पाटण रौ धणी कटक कर[9] आयौ छै । दाहीमौ कै .....[३] प्रीथीराज भीमदे ऊपर विदा कीयौ । सु सोझत रौ गांव धोवलेहरे वेढ हुई । तिण वेढ नाहड़राव कांम आयो । चहुवाण प्रीथीराज मंडोवर महणसी अल्ह नुं दीयौ छै । सु प्रीथीराज नुं संवत ११५५ ग्यारैसै पचावनै साहबदी झालीयौ तठा ताउ[10] अल्ह नुं रहौ छै । तठा पछै दिली चहुवाण प्रीथीराज रौ बेटो रतनसी नुं हुई । प्रीथीराज मुवां पछै[11] वरस १८ अठारै रतनसी दिली भोगवी । तठा पछै पातसाह साहिबदी रौ बेटो पातसाह साहब गजनी तषत बैठौ । तिकौ कर फौज नै दिली ऊपर आयौ । इण फेर रतनसी कोट[12] झालीयौ ।[13] सांवत चहुवाण कांन्हर[४] नरनाह रौ बेटो चहुवांण ईसरदास वडो रजपूत छै ।

---

१. मेलीया । २. भोळो राजा । ३. कैंवास नु फौज वे । ४. कन्हा ।

---

1. खुल कर घमासान युद्ध किया । 2. पहुँच नही सका । 3. घायल अवस्था में ही । 4. समर्पण किया, अभिवादन किया । 5. वधू को साथ ले गया । 6. काट कर । 7. कह कर, दिखा कर । 8. पकड़ लिया । 9. फौज ले कर । 10. तक । 11. मरने के बाद । 12. किला । 13. पकड़ा, शरण ली ।

वडी वडी गढ वीग्रही श्रै लड़ाई की। पछै गढ कितरेक दिन डोढ[1] रतनसी ईसरदास घणा साथ सु काम श्राया। पछै सुलतान साहब कनवज ऊपर चालीया। राजा जैचंद गंगा मांहे प्रवेस कीयौ। तठा थी तुरकां सारी धरती लीवी। तद पड़ीहारां था संवत ११७३ इग्यारैसौ तींहतरै रै टांणै[1] साहब री फोज पड़ीहारां कन्हा[2] मंडोवर लीयौ। तुरकांणो हुवौ।

वात एक नाहड़राव री

६. पड़ीहार नागारजन रै बेटा न हुता। तरै जोगी १ सीध[3] श्रायौ तिण री इण सेवा कीवी। जोगी प्रसंन हुवौ। कहौ – कासु चाहे छै? तरै इण कह्यौ – माहरै बेटो नहीं। तरै कह्यौ – फळ ३ हुं तो नुं देईस[4]। पिण[5] तिण माहे एक हुं लेईस। तरै नागारजन वात कबूल कीवी। जोगी श्रांबा ३ दीया, बेटा ३ बाईर[6] ३ रै हुवा। वरस १० जोगी फिर श्रायौ। बेटा ३ दीठा। नागारजन सुं मिळीयौ। रांणीयां सुणीयौ जोगी श्रायौ छै। तरै नाहड़राव री मां जाणीयो बेटो सषरो[7] माहा रौ[8] छै, श्रो लेसी। तरै इण नाहड़राव नुं ले नै षांषटै नाहड़सर ले श्राई। छांनौ[9] राषीयो छै। पछै जोगी वांसौ[10] श्रायौ, पछै इण री मां नाहड़राव नुं ले श्रजमेर श्राई, मोटौ हुवौ। श्रजमेर रा धणी रौ चाकर हुवौ। मुजरै पोहतो[11], गांव १ दीयौ।

७. जोगी उठै श्राय भाषरी[12] ऊपर रह्यौ, नाहड़राव नुं कह्यौ–एक बार तुं सदा म्हां कन्है श्रायौ करे। पछै दीवाळी रै दिन कड़ाह तेल रौ चढ़ा रह्यौ थौ। नाहड़राव श्रजमेर सुं रात श्राधी'क[13] रौ श्रायौ तिण

---

१. छोड

---

1. समय, आसपास। 2. पास से। 3. सिद्ध। 4. दूगा। 5. परन्तु। 6. स्त्रियां। 7. अच्छा, सुन्दर। 8. मेरा। 9. गुप्त, प्रच्छन्न। 10. पीछे-पीछे। 11. प्रणाम करने गया—राजकीय सेवा के लिए दरबार मे उपस्थित हुआ। 12. पहाड़ी, टेकरी। 13. मध्यरात्रि।

वेळा जोगी कन्है आयौ। तरै जोगी कहौ–होळी-दोळी[1] परदषणा दे।[2] सु जोगी कड़ाह माहे नांषतो[3] थौ सु इण दीठौ। तरै जोगी नु नांषीयौ। जोगी रौ पोरसौ[4] हुवौ पण जोगी री हीत्या सुं गळत कोढ[5] हुवौ।

८. नाहड़राव मंडोवर धणी हुवौ। वाराह[1] एक मंडोवर री वाड़ी[6] वीगाड़ै। तिण री घणी पुकार होई रही छै। नै एक दिन नाहड़राव डेरै होतौ थौ सु वाराह नीसरीयौ। नाहड़राव वांसै हुवौ[7] पोहोकर जी री ठोड़ वाराह मूढा सुं नै पगां सुं षरल षावड़ौ[8] एक पाणी रौ कर अलोप हुवौ।[9] नाहड़राव उण ऊपर आयौ। नै उठै उतर नै हाथ धोया, तरै हाथ रौ कोढ़ गयौ। मुहडौ धोयौ तरै मुहडै रौ कोढ़ गयौ। पछै वागो[10] उतार सारो डील[11] क····सीया सु नाहौ[12] सारा डील रौ कोढ गयौ। पछै नाहड़राव पोहोकरजी रौ कुंड बंधाय नै वाराहजी रौ देहरो कराय नै थापना कीवी।

९. तठा पछै कनवज थी राठोड़ सीहौ सेतरांमोत[13] श्री द्वारकाजी री जात[14] नुं आवै छै। अणहलवाड़ै पाटण सोलंकी मूळराज राज करै छै, सु मूळराज रौ बाप लाषौ फूलांणी[15] जाड़ेचौ[16] मारीयौ छै। सु मूळराज लाषै नु मारण रा उपाव घणा ही करै छै। लाषो केला-कोट भुज नगर थी कोस दस छै, तठै रहै छै। सु मूळराज वेळा[17] दस बीस कटक कर नै लाषै फूलांणी ऊपर गयौ छै। सु मूळराज फजीत[18] होय पाछौ आवै। सु इण फेरै[19] मूळराज पाटण देवी भद्र-काळी छै तिण ऊपर धरणै बैठौ छै।[20] सु देवी कहौ – तूं कासुं कहै छै? तरै मूळराज देवी सुं वीनती करै छै–का तौ लाषौ माहरै हाथ

---

१. वाहारा (प्र.)।

---

1. चारो ओर। 2. परिक्रमा लगा। 3. डालता। 4. स्वर्ण पुरुष। 5. गलित कुष्ठ। 6. बाग। 7. पीछे चला। 8. छोटा गड्ढा। 9. लुप्त हो गया। 10. पहिनने का वस्त्र। 11. शरीर। 12. स्नान किया। 13. सेतराम का पुत्र। 14. देवता की अभ्यर्थना के लिए। 15. फूल का बेटा। 16. चंद्रवंशी राजपूतों की एक शाखा। 17. बार। 18. अपमानित। 19. इस बार। 20. अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिए पूर्ण विश्वास के साथ धरना देकर बैठ गया।

आवै । देवीजी माहारै माथै हाथ देवौ ।[1] नहीं तौ हूं देवीजी ऊपर कंवळ पूजा करसुं[2] । तरै देवीजी कहै छै – लाषो तो देवता रौ अवतार छै, तूं मांणस रौ अवतार छै । लाषो थारै हाथ आवण रौ नहीं । तरै इण निपट गाढ़ कीयौ[3], दिन ७ पांणी धांन विगर लंघण कीया ।[4] देवी प्रसन्न हुवै' तरै सातमै दिन री रात आधी'क गई, तरै देहुरा[5] आडा कींवाड़ जड़ नै तरवार काढ़ नै नस[6] ऊपर धरो, तरै देवीजी हाथ झालीया । कहै – तुं मती मरै, थारै हाथ तो लाषा री मीच[7] नहीं नै तै अतरौ[१] हठ मांडीयौ म्हे तोनुं लाषा मारण रौ उपाव वतावां छां । राठोड़ सीहौ सेतरांमोत कनवज थी दुवारकाजी रो जात नुं चालीयौ छै । सु फलांणै[8] दिन पाटण आवसी, थे सांम्हा आदमी मेल्हौ । सीहौ महादेव रौ अवतार छै । सीहा रै हाथ लाषा फूलाणी री मोत छै । मूळराज रै देवीजी वांसे हाथ देनै सीष दीवी ।[9] कहौ – लाषौ मारण री करै छै तौ सीहा नुं राजी कर नै साथ ले लाषा ऊपर जावौ, लाषौ थांहरै हाथ आवसी । मूळराज देवी रा देहरा थो घरे आया । सीहा री षबर रै वासतै एक आपरो ईतबारी[10] चाकर छांनौ[11] आदमी ४० साथे देनै रा. सीहाजी साम्हौ चलायौ नै कहौ – दिन रौ दिन[12] डेरौ जठै हुवै तठा री षबर म्हांनुं मेलजौ । नै वह मजल दस पांच सीहा जी भेळा हुवौ । जठै जठै डेरौ हुवै तठा री षबर मूळराज नुं लष मेल्है छै ।[13] जिण दिन पाटण नजीक आया तरै डेरा री ठोड़ अठै सारी तयारी आपरा परधांनां नुं कहै कराई ।

१०. आप घणौ साथ साथे लेनै राठोड़ सीहा सांम्हा चढ़ीया । कोस पांच माथै मूळराज जाय सीहा सुं मिळीयौ । घणौ आदरभाव वडा ठाकुरां रौ वडा ठाकुर करै तिण तरै मूळराज जाय सीहाजी सुं

१, न हुवै । २. अवडो ।

---

1. सिर पर हाथ रख कर आशिष दो । 2. वरना मेरा सिर आपके अर्पण कर आपकी पूजा करूंगा । 3. दृढ संकल्प कर लिया । 4. भूखा प्यासा रहा । 5. मन्दिर । 6. गर्दन । 7. मृत्यु । 8. अमुक । 9. पीठ पर अभय हस्त देकर विदा किया । 10. विश्वासपात्र । 11. गुप्त । 12. प्रति दिन । 13. लिख कर भेजता है ।

कीयौ । साथ हुवा थका डेरा री तयारी कीवी थी तठै डेरौ करायौ । सीधौ-वाधौ[1] चार-बोर[2] अमल-पांणी[3] सारी तयारी कराई । म्हैमांनी राजा पातसाह री कीजे छै तिसड़ी कीवी छै । राठोड़ सीहोजी आप, नै चाकर सीहा रा सारा ही राजी हुवा । म्हे कुण अै कुण, अै म्हांरी इतरी अगत सुं अगत[4] करै छै, सु कुंण वासतै ? चाकरां कामदारां नुं तौ चाकरां कांमदार पूछ दीठौ ।[1] उवै तौ सारा कहण लागा – म्हे तौ जांणां नहीं ।

११. आथण रौ[5] वळे मूळराज सीहाजी रै डेरै आयौ, वीनती घणी कीवी । संवारे मुकांम कीजे । म्हारौ घर पवीत्र कीजे । मोनुं मोटौ कीजे ।[6] सीहाजी तौ घणौ ही नाहाकारौ कीयौ ।[7] पण मूळराज घणौ हठ कर राषीया । संवारै दिन पोहर चढ़तां आप रै घरे पाटण माहे मूळराज सीहाजी नुं सारै साथ सुधा[8] मोहौला[9] [2] में ले गया । बडा म्हैमांनी कीवी । घोड़ा काछी[10] बीस नजर गुदराया नै कपड़ौ गुदरायौ । सीहाजी री दाय आयौ[11] सु तौ राषीयौ । तठा पछै साथे हुवौ डेरै आयौ । पछै सीहौजी तौ आपरै डेरै माहे गयौ नै मूळराज नुं बारे बेसांण[12] नै बीच आपरा परधांन हुता सु फेरनै पुछायौ – थे म्हांसु इतरी हळभळ[13] करौ छौ, सु म्हांसुं थांहारै कोई कांम हुवै सु फुरमावौ । तरै मूळराज कहौ – हूं म्हारी बेटी री नाळेर राज नुं देवां छां नै लाषै फूलांणो कछ रै घणी कन्है म्हारै बाप रौ बैर रहै छै सु...[3] वेळा ५ तथा ७ सात लाषाजी ऊपरै धरणौ कीयौ तरै देवीजी ऊपर धरणौ कीयौ तरै देवीजी मोनुं हुकम कीयौ—लाषा री मीच रा: सीहाजी सेतरांमोत रै हाथ छै । सारी बात मांड कही ।

१२ – सीहे कहौ—हिमार[14] बात परगट करणी नहीं । हुं रिणछोड़जी

---

१. पुछ दीठौ । २. मोहाले । ३. हूतौ ।

---

1. रसोई आदि । 2. घोड़ों के लिए घास-दाना । 3. अफीम, तंबाखू, कलेवा आदि । 4. बढ़ बढ़ कर स्वागत । 5. सायंकाल । 6. मुझे गौरवान्वित करो । 7. इनकार किया । 8. सहित । 9. महलों । 10. कच्छ देश के । 11. पसन्द आया । 12. बैठा कर । 13. आवभगत, हेलमेल । 14. इस समय ।

री जात कर आऊं। पछै लाषा ऊपर जासां। जिकुं परमेसुरजी की आग्या छै सु हुसी। पछै सीहौ दुवारकाजी जात करण गयौ। मूळराज आपरा आदमी आगु[1] साथे दीया। सीहौ जाय दुवारका रिणछोडजी भेटीया। जात कर पाछा आया। मूळराज असवारी री तयारी की छै। तिण समै राषाईच मूळराज री भाई लाषा कनै भाणेज थकौ रहै छै। तिण पण आण सारी उठा रो षबर दी छै। दीयाळी री ठीक[2] की छै। तिण दिन उपर मूळराज सीहौ चढ दोड़ीया छै। लाषा रौ साथ सारौ दीवाळी ऊपर आय आपरै घरे गयौ छे। लाषा नै षबर हुई – सोलंषी मूळराज नै राठौड़ सीहौ थां ऊपर आया। तरै लाषो ही आय मैदान में षड़ो रह्यौ। अतरै वेढ़ हुई। तरै सीहा रौ लौहौ[3] लाषौ मार लीयौ। राषाईच बाज[4] कांम आयौ। मैहद झाला री बरछी लाषा रा हाथी चढण वाळा रै लागी। तिण दिन मूळराज मैहद झाला नुं मौजरी हळवद दी। ऊलो पैलो[5] साथ घणौ कांम आयौ। पिण वेढ मूळराज जीतौ। नै राजा सीहा रौ वडौ सोभाग हुवौ। लाषौ मार नै मूळराज सीहौ कुसळे पाटण आया। मूळराज आप री बेहन राजां सोलंकणी[1] सीहा नुं घणा लाड-कोड कर परणाई नै दिन १० राषीया। पाटण रा सीहा नुं घणा हीड़ा कीया[6]। दिन १० पछै सीहै मूळराज कनै सीष[7] मांगी। मूळराज डायजो[8] घणौ देनै सीष दी। सीहौ सोलंकणी नुं ले कनवज आयौ। तठा पछैली सीहा रै पटराणी और हुती। तिण रै पेट रा बेटा ४ हुता, तिण माहे वडो बेटो टीकायत साहबी रौ धणी मुदाइत[9] छै। तठा पछै सोलंकणी राजां रै बेटा ३ हुआ। तिणां रा नांव,—

१. आसथांन १. सोनग १. अज

---

१. सोलकणी।

---

1. अगुवा, पहले से ही। 2. निश्चय। 3. शस्त्र। 4. पराक्रम दिखा कर। 5. इधर-उधर दोनों तरफ का। 6. हृदय से स्वागत-सत्कार किया। 7. विदाई। 8. दहेज। 9. निश्चित।

बरस २० सोलंकणी परणी पछै राठोड़ सीहै रांम कहौ ।[1]

१३. राठोड़ सीहा री बडी बैर रै टीकाइत बेटै षरषसौ ईण सुं निपट जोर मांडीयौ । अठै-उठै रह न सकै । तरै सोलंकणी आसथांन नुं समझाय नै कहौ—अठै थांहांरौ टिकाव कोई नहीं[2] । अै सांम्हौ कोहीक ऊपाव[3] कर मारसी । आंपे हालौ, म्हांरै पीहर पाटण जावां । तरै इण हलाणा[4] री दिन ५ तथा ६ माहे तयारी कर, दस मांणस रजपूत ाष नै पाटण नै चालीया । आवतां आवतां पाली आया, ऊतरीया ।

१४. तिण दिन पाली पलीवाळ बांभण राणे रा गुर बसै छै, सु लाषेसुरी[5] कोड़ीधज[6] धनवंत लोक रहै छै। तिण समै मेर पाली रौ बिगाड़ घणौ करै छै । बीजा ही चोर चांरूं तरफ रा लागै छै । सु इणे आण गांव बारे गाडा छांडीया । अठै पुहुण[१] ढाळीया छै ।[7] तरै पाली रै लोगां आसथांन रै गुढ़ा रा लोगां नुं कहौ—अठै मेर[२] चोर घणा लागै छै, थे गांव बारे मत ऊतरौ, गांव माहे डेरौ करौ । तरै आ बात गुढ़ै रा लोगां आसथांन आगै कही । तरै आसथांन कहौ—आज अै आंपां नुं गांव माहे दया कर ऊतारै छै, सुहारे[8] डेरौ बीजै गांव करसां तरै आंपां नै कुण डेरा गांव में करण देसी ? इतरी बात करतां मेरां आसथांन रै गुढ़ा[9] रा तीन पुहुण[३] लीया । इण रा गुढ़ा रा लोग पुकारता इणां आगे आया । इणां रा घोड़ा काईजै[10] हीज ऊभा था, इणां पागड़ै पग दे चढीया ।[४] कोस माहे मेरां नुं अपड़ीया । अठै मामलौ हुवौ । इणां रौ दिन पाधरौ[11], मेर ४० मार लीया । आसथांन रै साथ रै छोतीवाड़ो हुवौ नहीं ।[12] उरा आया[५] , अै कांम सुं जीत नै कुसळे पाछा पाली आया । पाली रा लोग सारा हैरांन हुवा ।

---

१. ऊंठ–पुरण २. मारे ३. पुरण ४. चढ वजाया ५. घोडा बीच पडाहू आया ।

---

1. मृत्यु को प्राप्त हुआ । 2. निर्वाह नहीं । 3. उपाय । 4. प्रस्थाना । 5. लखपती । 6. करोडपति । 7. ऊंट घोडे गाड़ी आदि प्रवहण छोड़े हैं । 8. कल प्रातः । 9. रहने का स्थान । 10. जीन आदि सहित । 11. अनुकूल समय । 12. क्षति नही हुई ।

१५. तठा पछै इण नुं पाली रै लोगां हकीकत पूछी—थे कुण छौ, थे कठै जावौ छौ ? तरै इण आपरी हकीकत पाली रा लोगां नै सारो मांड कही। जु म्हे रोजगार नुं गुजरात जावां छां। तरै आथूण रा गांव माहे वडा आदमी था, तिणां सारां भेळा होय नै बिचार कीयौ। आंपणा गांव चोरां आगै रांधी हांडी रह सकै नहीं।[1] आंपां सासता[2] विचार करां हीज छां, दस कोस जाय नै हेक चौकी पहरै रै वासतै भेळौ रजपूत ले आवां। सु आंपणे भागे[3] घरे वैठां इसड़ो-बड़ौ रजपूत भूषीयौ वडा घर रौ छौरू[4] आयौ छै। इण नुं रोजगार कर नै अवस अठै राषीजै। आ बात सारां रै दाय[5] आई। तरै पंच भेळा होय नै चार साणां[6] आदमी आसथांनजी रै डेरै मेलीया। राज संवारे कूच मतो करौ। म्हें राज रौ रोजगार कर नै अठै ही राषसां।[7] आसथांनजी पिण आ बात कबूल कीवी।

१६. पछै दिन दो पाली डेरौ रह्यौ। इणां रै नै अणां रै रदवदळ हुई।[8] टका ४५। काली आसथान सौनग अज रौ पालीवाळां बांभणां कीयौ। अै पण राजी हुवा। हवेली १ गांव माहे बांभणे इण तीनां भायां नुं दीवी। चाकर साथे था तिणां नुं और ठौड़ दीवी। अै चौकी पहरौ रात दिन इण भांत करण लागा जु पाली री सीव[9] माहे कोई चोर बाट बहतो[10] नीसरै नहीं। कोई आसथांन रै नांवै लीयां[11] पाली रौ लोग कठै ही जाय आवै तिण सांम्हौ कोई जोई सकै नहीं।[12]

१७. लोग बरस १ माहे घणौ सुष पायौ। हथाळी दुयां आसथांन सोनग अज तीनां भाई पाली माहे रहैं छै।[13] आसथांन रौ बडौ तिगवेड़ो नवसाद काठै जावतौ बाभ गयौ छै।[14] पाली री पाषती गांव छै।

---

1. खाना खाना तक हाथ की वात नही। 2. निरंतर। 3. अपने भाग्य से। 4. लड़का, वंशज। 5. पसन्द। 6. सयाने। 7. रखेंगे। 8. विचार-विमर्श हुआ। 9. सीमा। 10. रास्ते चलता। 11. नाम लेकर भी। 12. आंख उठा कर नही देख सकता। 13. तीनो भाई बड़े आराम और आदर के साथ पाली में रहते हैं। 14 ससैन्य सुरक्षा की अच्छी व्यवस्था प्रसिद्धि प्राप्त हुई।

तिण रा पिण चौधरी वडेरा आसथांन सुं आय मिळीया, सारां वीनती कीवी–जु राज पाली रौ चौकी पहरौ कीयौ छौ तिण तरै राज माहारौ पिण चौकी पहरौ करौ। गांव गांव मे आदमी १ लार आसथांन रा साथे कर ले गया नै सारा गांवां घुघरी कीवी।[1] सारा गांवां ऊपरै चीठी चलण लागी।[2] बरस २ तथा ३ इण भांत रहा। सारी परजा सुष पायौ। कोई पाली रौ पड़ीयौ तीणौ[3] उपाड़ सकै न छै। इसड़ौ जाबतौ कीयौ।

१८. सोनगजी नै अजजी पिण मोटा हुवा। इणां आसथांन सुं कहाव कीयौ–[4] अठै रावळै[5] ही षरच रौ पूरौ न छै। म्हांनु हुकम करौ तौ कठी नुं जाय नै पेट भरां। तरै आसथांन पण कहौ–माहारौ ही अठै पड़पाव[6] कोई नही। वरस २ तथा ३ म्हे पड़ीया रहै नै आघा काढीया। आंपां भेळा हीज कठै'क जावसां। तरै हालण री तयारी हूण लागी। तरै पाली सहर रा लोग पाषती रा गांवां रा लोग सगळा दलगीर हुआ।[7] सारा बडेरां चोधरीयां कन्है गया। कहौ–जे थे मांहरौ नै थांहरौ भलौ चाहौ छौ तौ आसथांन नु हर भांत कर अठै राषौ, मांगे सु देवौ, नै थे कबूल करसौ सु म्हे गाढ़ा राजी थका[8] परौ देसां। तरै पंचां मिळ नै आसथांनजी कन्है आया। म्हे थांनै चालण नहीं देवां। तरै आसथांन कहौ – माहारै सीरबंधी लोग नहीं। म्हे राजा रावां रा राणां रा छोरू थे ऊधड़े रीजक[9] राषौ सु म्हे पड़पण रा नही[10]। माहारा चाकर षेत–पात बिगर पड़पण रा नहीं। माहारा घोड़ा तीन वरस हुआ कोरड़[11] जव चिणा' आंषीये दीठा नहीं। माहारा छोरू राजलोक पूंष[12] फळीयां री हौसां मरै।[13] तिण सुं म्हे इण भांत रहण रा नहीं। अै हालण री उतावळ करै। लोग हालण

---

१. चांचड़

---

1. खर्च का हिस्सा देना मजूर किया। 2. हुक्म चलने लगा। 3. तिनका। 4. निवेदन किया। 5. आपके। 6. निर्वाह। 7, दिल में दुखित हुए। 8. पूर्ण प्रसन्नता के साथ। 9. निश्चित तनख्वाह। 10. मानने के नहीं। 11. एक प्रकार की घास। 12. कच्चे सिट्टे। 13. अभाव में ललचाते रहते है।

दे नहीं। घणौ गाढ हुवौ।[1] तरै पलीवाळां सारां हळ दीठ[2] द्रु. १५ माळ री हळ १ धांन मण ५ जायां परणीयां कर दीयौ। १ होळी दीवाळी दसराहै री तहवारी मिलणो सारौं कबूल कीयौ। घर षेत चाकरां नुं पाली माहे दीया। गांव-गांव दीठ हळवा ५ धरती उन्हाळी[3] दीन्ही। कोरड़ चांचड़ा[4] सारा वायदे। इतरौ रोजगार कर नै आसथांन नुं पाली राषीया। सोनग अज रौ लोग सांम्हौं कर चालीयौ। सोनग ईडर गयौ। अज सषोधार गयौ।

१६. आसथांन रै गांव ५० तथा ६० भोग पड़ीया।[5] दिन-दिन घणी रैत वाळौ मारग हुवौ।[6] असवार ४०० री ठकुराइत हुई। सासता घोड़ा आवै। दिन पाधरौ[7] जिकुं करै सु बोल ऊपर आवतौ जाय।

२०. तिण समै षेड़ माहे गोहलां री ठकुराई छै। उणे आसथांनजी नै बेटी रो नाळेर राजा प्रतापसी गोहल मेलीयौ। इणां नाळेर बधाय उरो लीयौ। उठै साहौ थापीयौ।[8] तिण साहा ऊपर जाय परणीया। माहौ-माह घणौ सुष हुवौ। आसथांन वेगो[1] [9] जावै षेड़। गोहल घणा हीड़ा करै।[10] दिन दस पन्दरै उठै रहै नै सारी वात सुं उठा रा भौमीया[11] हुवा। गोहल ठाकुर आप तिकौ आळसु अमली।[12] जेहली परधान डाभी तिकौ घणा कबीला रौ नै भणीयौ रजपूत, तिकौ भलो भांत कांम चलावै छै। सु औ आसथांन उठै आवै जाय। तरै घणो वेळा आसथांन रै डेरै जाय आवै। आसथांन उण सुं मया करै।[13] एक दिन आसथांन रै डेरै डाभी गोहलां रौ परधांन आयौ हुतौ तरै किणहीक चारण भाट डाभी री वडाई कीवी। कहौ – राजा तौ आळसु छै पिण औ भलौ परधांन

---

१. वेगो वेगो।

---

1. बहुत अधिक आग्रह हुआ। 2. प्रत्येक हल के अनुसार। 3. सिंचाई की धरती। 4. बाजरी के सिट्टे। 5. आमदनी की दृष्टि से अधिकार में आए। 6. प्रजा बढने लगी। 7. दिनमान अच्छे। 8. विवाह की तिथि निश्चित की। 9. जल्दी-जल्दी। 10. खूब आदर सत्कार करते है। 11. पूर्ण रूप से जानकार, अधिकारी। 12. अफीमची। 13. कृपा रखता है।

छै । तिण सुं आ साहबी चालै छै । तरै डाभी फेर कां न कहौ । डाभी रै लागुवे आ वात राजा कन्है कही । तरै डाभी परधान नुं परतापसी परौ काढ़ीयौ । औ छांड आसथांन कन्है आयौ । आसथांन घणौ आदर कर राषीयौ । कितराहेक दिन आसथांन षेड़ौ लेण[१] री मन में धारी ।[1] असवार ७०० री जोड़ कीवी । डाभी रौ मन हाथ लेनै[2] कुवात जीताई ।[3] तरै पहली तौ डाभी हां-नाह वेळा दस वार कहौ । पछै डाभी नुं लालच दिषाळीयौ ।[4] आधी धरती षेड़ै री म्हे म्हांरै हासल लेसां । आधी धरती आधो हासल म्हे थांनु देसां । डाभी इण तरै सु वात कबूल कीवी । पछै डाभी घात वताई–[5] इण रै गोठ दीवाळी री षेड़ै थी कोस ४ छै तठै हुवै छै । तठै आंपां जाय ऊभा रहीयां सुं वेह आंपां सुं छुटी चाळां[6] मिलण आवसी । तरै आंपां इण भांत मार लेसां । म्हांरौ कबीलौ उठै घणौ छै, तिणां नुं डाभी एक तरफ समझाय नै ऊभा राषसां । पछै असवार ७०० सुं दीवाळी री गोठ ऊपरे आसथांन षेड़ै ऊपर लड़ाई रै मतै गयौ । उह जांणे नहीं । झगल माहे ज़ी रहै छांनी सीव काढी ।[7] उठै नजीक गया तरै डाभी परधांन आगै गयौ । जाय नै कहौ–आसथांनजी आया छै । तरै राजा आप भाई बेटा वडा उमराव सारा ही छूटीयां चाळां सुं सांम्हा मिलण नु आया । डाभीयां नुं उण समझाया था–थे डाभी ऊभा रहीजौ । गोहलां रौ साथ जीवणौ छै । परधान डाभी मिळतां आसथांन नु समझायौ–डाभी डावा नै गोहल जीवणा । इतरा मांहे लोह बूहौ । गोहल मांणस २०० तथा ३०० सुं राजा कंवर भाई-बंध राहाणां[२][8] सुधा मार लिया । तरवार एक धारी बुही ।[9] आसथांन रौ आदमी घणौ कांम कोई आयौ नहीं । इण नुं मार नै षेड़ा ऊपर वाग ली ।[10]

१. षेड़ लेण । २. राहवरण ।

1. गांव लेने का मन में विचार किया । 2. मन की बात जान करके । 3. षड़यंत्र प्रकट किया । 4. दिखलाया । 5. धोखे की तरकीब बतलाई । 6. बिना शस्त्र, बाहें पसार कर । 7. चुपचाप रास्ता तय किया । 8. दरोगे आदि । 9. एक गति से बिना किसी रुकावट के । 10. घोड़ों को फुर्ती से चलाया ।

कोई आडौ आयौ नहीं ।[1] पोळ माहे पैठा, रावळा घर आप वसुं कीया ।[2] मारणहारा था सु मुवा । बीजा आदमो था सु नास गया ।[3] भार-भरत[4] साहबो हाथ आई । षेड़ै रा लोग सारां रौ डाभी परधांन दिलासा कीवी । डाभी था कांई वात छांनी न हुती । जिकां जांणीयौ बाहर नीसरीयां पछै ही दुष देसो । तिण ऊपरां सुवारे[5] फौज मेल नै मारीया । बीजा नास गया । धरती सारी डाभी परधांन दिलासा कर बसती राषी । सारौ मुदौ[6] साहबी रौ डाभी ऊपर राषीयौ । हासल आवै सु आधौ आसथांनजी रै लीजे नै आधौ डाभी रै लीजे छै । बरस २ इण भांत हालीयौ । आसथांन पिण सैंलगा[7] सिकार रै मिस कर-कर सारी धरती दीठी । धरती रौ भौमीयौ हुवौ ।[8] आपरा रजपूत गांव गांव मांहे राषण लागौ । परधांन परधांन पण कांम ऊपर आदमी ४ आपरा कीया । डाभीयां नुं सासता दबावता गया । पछै आसथांन री बहु गोहलणी समझायौ–इण धरती रै वासतै आपरा सगा सह मारीया[9], तौ हमै डाभीयां कन्है आधो धरती षुवाड़ीजे सु कुण वासतै । तरै डाभीयां नुं पण चूक करनै[10] आसथांन मारीया । धरती सारी भोग घाती ।[11]

२१. गोहल एक वार छांड नै जेसलमेर गया । भाटीयां सुं सगाई हुती । जेसलमेर रा गढ ऊपर एक ठौड़ गोहल टूंक कहीजै छ । पछै उठै ही रह न सकै, तरै सोरठ नुं सेत्रुंजै पालीताणे सीहोर जाय रहा, सु अजेस उठै छै । मारवा राव कहीजै छै । आसथांन रै षेड़ै गांव १४० भोग पडीया । तठा पछै गांव १४० कोढणें रा आसथांन षाटीया ।[11] गांव १४० देवराज गोगादे चाहड़देआं रा पिण आसथांन षाटीया । गांव ४२० राठोड़ां रै तद रा छै ।

---

1. किसी ने सामना नही किया । 2. अपने अधिकार में कर लिये । 3. भाग गये । 4. माल ताल । 5. दूसरे दिन । 6. मुदार, अधिकार । 7. सब जगह । 8. पूरा जानकार हो गया । 9. सभी ससुराल के रिश्तेदारो को मार डाला । 10. धोखे से । 11. सारी भूमि का उपभोग खुद करने लगा । 12. जीते ।

२२. इतरी धरती आसथांन षाट नै पछै पाट धुहड़ बैठौ, सु आसथांन धरती षाटवी थी सु भोगवी छै। पछै धुहड़ नागाणै[१] गायां री बाहर कांम आया। धुहड़ रै पाट रायपाळ[२] बैठौ। सु रायपाळ दातार जुझार संसार सरोमण[1] हुवौ। जिण दिन सारौ संसार उरण कीयौ। बाहड़मेर षाटीयौ। महेवौ कोढणौ थळ बापी तिकी धरती आसथांन षाटी पहली हुती। रायपाळ मैहरेलण कहाणौ। ठाकुराई जोर चढ़ी।[2] बाहड़मेर गांव ५६० नवी पंवार री वडी ठौड़ हाथ आई।

पंवारां री पीढ़ीयां... .....

२३. मागा बुध नुं चारण रोहड़ीयौ कीयौ। आपरै पाट बाहरैट कीयौ, तिण मागा रै पेट चांद्रीयौ वडौ बीदावत[3] हुऔ।

२४. रायपाळ वडौ माहाराज हुवौ। रायपाळ रांम रांम कहौ। पाट कान्हड़राव बैठौ, सु पिण वडौ रजपूत हुवौ। रायपाळ री षाटी धरती भोगवी। तठा पछै कान्हड़राव रै पाट जाल्हण बैठौ, भलौ ठाकुर हुवौ। पछै धरती ऊपर तुरकां री फौज आई। जाल्हण कांम आयौ।[4] पाट छाडौ बैठौ, वडौ रजपूत हुवौ। रायपाळ री षाटी धरती भोगवी। सोनगरां सुं मामला घणा कीया। पछै सोनगरे धरती महेवा री मारी। छाडौ वांसै अपड़[5] कांम आयौ। पाट तीडोजी बैठौ। बाप रै बैर रै वासतै सोनगरां सुं घणा मामला कीया।[6] भीलमाळ मारी। सोनगरां सुं वेढ़ हुई! सोनगरा भागा, भाटीयां सोळंकीयां सु वडा-वडा मामला कीया। पछै आलावदी पातसाह सीवाणा ऊपर आयौ। तरै सातलसोम कांम आयौ। तद तीडौ सीवाणै कांम आयौ। पाट कान्हड़दे छाडावत बैठौ। सलषा नुं टीकौ न हुवौ। सलषा रै बेटा चार वड़ो नाधां बलाय हुआ।[7]

---

१. नागणै। २. रावपाल।

---

1. शिरोमणि। 2 शासन ने खूब शक्ति हासिल की। 3. विद्वान्? 4. वीर गति को प्राप्त हुआ। 5. पीछा करके। 6. अनेक बार युद्ध किया। 7. आतंकित करने वाले वीर हुए।

२५. मालौ सलषावत वडौ राहावेधी[1] हुग्रौ, देवकळा[2] हुई। कान्हड़दे छाडावत सुं विरस[3] कर नैं जाळौर रा षांन कन्हा गयौ। उठा सुं फोज आण नै कान्हड़दे नुं मुगलां कन्है मराय नै टीको मालै लीयौ। महेवे बाहड़मेर रौ धणी।

२६. जैतमाल सळषावत वडौ रजपूत हुग्रौ। रावळ माला रै सारी साहबी री मुदार रौ धणी हुवौ। रावळ मालै सीवाणो लीयौ पछै जैतमाल नुं दीयौ।

२७. वीरम सलषावत वडौ औनाड़[4] रजपूत हुग्रौ। आसंख प्रवाड़े जैतवादी हुग्रौ।[5] महेवैं बाहड़मेर री धरती मालै भोगवी छै। वीरम नुं गांव ५ तथा ७ भाई-वंटा रा मालै दीया छै, सु षाय छै। घणा घोड़ा रजपूत वीरम राषै छै। पारका[6] धाड़ा आण षाय छै। पातसाही मारग मारैं छै।[7] वीरम संसार रा माल लूट षाय छै। माला नै वीरम घणी आपणत[1] छै। तिण समै सोहंण दुकाळ पड़ीयौ छै। सु देपाळ लूण आंण जोयो, महेवै गाडा २०० लें षड़ चर थकौ[8] आय रहौ छै। इण रै बित[9] घोड़ा सांड गायां निपट घणी छै सु मालै जगमाल आगै किणहीक घात घाती[10]—कठाही रा सींधु आया छै। तिणां नुं धरती बिगाड़तां बरस १ हुग्रौ। इण रौ माल षौस लीजे। मालै जगमाल रै वात दाय[11] आई। किणहीक कांमदार नुं हुकम हुग्रौ—रात पाछली घड़ी ४ लेनैं[12] थे जाय गाडा रोकजौ। पछै जगमाल कहौ म्हे उठै आवसां, माल बित संभाळ उरो लेसां। सु आ षबर जोयां नै किणहीक दीवी। जोये आपरा सैणां नुं पूछीयौ—कांई उगरण ठौड़ ?[13] तरै जिके उणां रा सैण था तिणे कहौ—थांहरा गुढा सुं

१. अणबण।

1. भविष्य की जानने वाला। 2. देवताओं का चमत्कार प्राप्त हुआ। 3. अनबन। 4. कब्जे में न आने वाला। 5. असंख्य युद्धों में विजयी हुआ। 6. दूरके पराये। 7. लूटता है। 8. चारे आदि के लिए। 9. वित्त। 10. धोखे की बात सुझाई। 11. पसन्द। 12. चार घड़ी रात रहते हुए। 13. बचाव की कोई जगह है क्या ?

